


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 75 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 06 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# कौशाम्बी से गिरफ्तार बब्बर खालसा का खुंखार आतंकी

## गाजियाबाद के पते पर बनाया था आधार कार्ड



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ और पंजाब पुलिस को संयुक्त अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार तड़के यूपी के कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) के एक सक्रिय आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास सेहथियार भी मिले हैं। वहीं गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड भी मिला है।

बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) और ISI मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी, पंजाब के अमृतसर निवासी लाजर को यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया।

न्यूज एजेंसी एएनआई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आतंकवादी लाजर बब्बर खालसा इंटरनेशनल(BKI) के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित ISI के गुर्गों के साथ सीधे संपर्क में है।

यूपी एसटीएफ ने बताया कि आतंकी के



पास से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, 13 कारतूस और एक विदेशी पिस्तौल समेत अवैध हथियार और संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ (सफेद रंग का पाउडर) बरामद हुआ है। इसके अलावा गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड, एक मोबाइल फोन (बिना सिम कार्ड) मिला है।



गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा ने आज नोएडा के सेक्टर-91 स्थित बालक इंटर कॉलेज के सुगरक्रीट क्लासरूम का उद्घाटन किया तथा वहां उपस्थित विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को संबोधित किया।

# माँ गंगा ने मुझे गोद ले लिया है : प्रधानमंत्री

## हर्षिल में माँ गंगा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देहरादून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुखबा स्थित गंगा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 मिनट तक मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की। मुखबा मां गंगा का शीतकालीन प्रवास है। ढोल रणसिंगे के साथ पूजा की गई। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को गंगाजल भी भेंट किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे माँ गंगा ने गोद ले लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह हेलिकॉप्टर से हर्षिल पहुंचे। यहां से पीएम सीधे मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा के लिए रवाना हुए। मुखबा स्थित गंगा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 मिनट तक मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तरकाशी जनपद का एक दिवसीय दौरा कई मायनों में यादगार है। वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो भारत-





तिब्बत सीमा से जुड़े उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ सीमावर्ती जिलों के बाद अब उत्तरकाशी के मुखबा और हर्षिल पहुंचे हैं। हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कल ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केदारनाथ रोपवे परियोजना और हेमकुंड रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है। केदारनाथ रोपवे के निर्माण के बाद, जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती थी, वह अब लगभग 30 मिनट में पूरी हो जाएगी। इससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा आसान हो जाएगी। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि होमस्टे से पर्यटन और लोगों की आय में वृद्धि हो रही है। होमस्टे को बढ़ावा देने वालों को मुद्रा लोन का लाभ दिया जा है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से उत्तराखंड में आकर शादी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड को चुने। साथ ही उन्होंने फिल्मों की शूटिंग के लिए उत्तराखंड को बेहतर बताया।

उत्तराखंड में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने की बात पीएम मोदी ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। हर साल यहां 50 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। दस साल में पर्यटकों की संख्या में तेजी आई है। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। उत्तराखंड विकास के नए लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। इस राज्य के लिए कई बड़े फैसले हमारी सरकार द्वारा किए गए हैं। डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है।

# डंपिंग ग्राउंड में 20 घंटे से लगी है आग, दमघोंटू हवा

## फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-32ए स्थित नोएडा प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग के डंपिंग ग्राउंड में लगी आग पर 20 घंटे बाद भी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। कल दोपहर से ही फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां 75 लोग और नोएडा प्राधिकरण के दर्जन भर टैंकर आग पर काबू पानी में जुटे हैं, आग बुझाने की कोशिश अभी भी जारी है। डंपिंग ग्राउंड में आग लगने के कारण उठ रहे धुएं से आसपास के सेक्टरों में दमघोंटू हवा है।

आपको बता दें कि पिछले वर्ष भी इसी डंपिंग ग्राउंड में मार्च महीने में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में नोएडा फायर विभाग को लगभग एक हफ्ते का समय लग गया था। आग लगने के कारण आसपास के इलाकों में कल शाम से ही धुआं भर गया है। जिस वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बच्चों व बुजुर्गों को धुएं से भारी परेशानी हो रही है। कई लोग अपने घरों को छोड़कर अपने परिचतों व रिश्तेदारों के घर चले गए हैं।

इसी डंपिंग ग्राउंड पर होली से पहले आग लगने की घटना हुई थी, इस बार भी होली से पहले यह आग लगी है, अधिकारियों का कहना है कि आपके पीछे कुछ अराजक तत्व शामिल है जिन्हें चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

सेक्टर-32ए में वेव को आवंटित जमीन के पास बड़ा क्षेत्रफल खाली है। इसमें वह जमीन भी शामिल है जिसका वेव को आवंटन निरस्त कर प्राधिकरण ने कब्जे में लिया है.प्राधिकरण के उद्यान विभाग के ठेकेदार यहां पार्क, सेक्टर के अंदर और सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई करने के बाद टहनियां और पत्ते इसी जमीन पर फेंक दिए थे, जिसमें बुधवार दोपहर आग लग गई।

आग लगने के बाद सेक्टर-30, 31, 32, 34, 35, मोरना गांव, सेक्टर-54, गिझोड़, होशियारपुर आदि में रहने वाले लोगों को सांस लेने में काफी परेशानी हुई। तेज हवा से धुआं दूर के भी कई सेक्टरों में गया। आसपास के सेक्टरों में चारों तरफ धुआं भर गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश के पैर में लगी गोली



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 पुलिस और बाइक सवार शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश की पहचान मक्कू उर्फ मारूख उर्फ आदिल के रूप में हुई है। जो थाना सेक्टर 24 चोरी की दो घटनाओं में वांछित चल रहा था। आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और चोरी की बिना नम्बर प्लेट स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बदमाश के खिलाफ गौतमबुद्धनगर और दिल्ली में दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला बताया कि मक्कू उर्फ मारुख उर्फ आहिल उर्फ निखिल उर्फ विवेक उर्फ गौरव उर्फ टुकटुक उर्फ नानू, ये आठ नाम जिन्हें बदल कर अपराध को अंजाम दे रहा था। उसके खिलाफ कई अन्य जिलों में चोरी समेत अन्य धाराओं में 35 से अधिक मुकदमें दर्ज है। आरोपी थाना 24 में हुई चोरी की दो वारदातों में वांछित चल रहा था। इसके दो साथी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके थे, जबकि यह लगातार फरार चल रहा था।

एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि रात में थाना सेक्टर-24 पुलिस टीम सेक्टर-54 के पास बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से आरोपी मोटरसाइकिल सवार आता हुआ दिखाई दिया, रुकने का इशारा करने पर वह नहीं रुका और भागने का प्रयास करने लगा। जिसमें मोटरसाइकिल डिसबैलेंस होकर डिवाइडर पर टकराकर गिर गयी वह अपने आप को घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस पार्टी की गयी जवाबी कार्यवाही में गोली लगने से घायल हो गया।


# प्राधिकरण 9 हजार करोड़ वापसी के लिए जारी करेगा नोटिस

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्पोर्टस सिटी परियोजना में ED और CBI की जांच से पहले प्राधिकरण ने बकाया वापस लेने की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 9 हजार करोड़ वापस लेने के लिए 4 कंसोर्टियम कंपनियों और 84 सब डिविजन कंपनियां को नोटिस जारी किया जा रहा है। कंसोर्टियम कंपनियों को नोटिस में कहा जाएगा कि वे अपनी सब लीज कंपनियों से पैसा लेकर प्राधिकरण में जमा कराए। इस मामले में हाइकोर्ट ने 18 फैसले सुनाए थे। इन फैसलों में दिए गए अदेशानुसार बकाया वापस लेने के लिए नोटिस की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।




नोएडा के स्पोर्टस सिटी परियोजना में चार कंसोर्टियम बिल्डर और 84 सब लीज बिल्डरों पर करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया है। ये वो पैसा है जिसे लैंड आवंटन के बाद बिल्डरों ने प्राधिकरण में जमा नहीं किया। कोर्ट के आदेश में स्पष्ट है प्राधिकरण अपना बकाया वापस लेने के (शेष पृष्ठ-3 पर)

# थार गाड़ी का टायर फटा, भीषण हादसा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-62 में भीषण हादसा हुआ है। सेक्टर-59 से 62 की तरफ तेज गति से जा रही थार गाड़ी का टायर फटा जिससे भीषण हादसा हो गया। थार गाड़ी एक और गाड़ी को टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से जा टकराई, (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आईएएस सुहास एलवाई को केन्द्र में मिली अहम जिम्मेदारी

## नोएडा के डीएम सुहास बने ज्वाइंट सेक्रेटरी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्हें हाल ही में भारत सरकार में जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर इंपैनल्ड किया गया है। यह उपलब्धि उनके लिए एक और मील का पत्थर साबित हुई है, क्योंकि वह केवल एक सक्षम प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं, बल्कि एक ओलिंपियन और राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन भी हैं। सुहास एलवाई का नाम देश के उन अधिकारियों में शामिल है, जिन्होंने अपने खेल के जरिए देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया है।

वर्ष-2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई को हाल ही में भारत सरकार ने 2007 बैच के 6 आईएएस अधिकारियों को जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया है, जिसमें सुहास एलवाई



का नाम भी शामिल है। इसके साथ ही इस सूची में आईएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल, परवीन कुमार थिंद, दुष्मंता कुमार बेहरा, प्रभाकर और विनोद कुमार सुमन के नाम भी शामिल हैं।

भारत सरकार में जॉइंट सेक्रेटरी का पद एक महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद है। इसके अंतर्गत अधिकारी देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नीति निर्माण और प्रशासनिक कार्यों का संचालन करते हैं। यह पद उन अधिकारियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने राज्य कैडर में पर्याप्त अनुभव प्राप्त किया हो और केंद्र सरकार में अपनी सेवाएं देने के लिए योग्य समझे जाते हों। 2007 बैच के अलावा, इस सूची में 2003, 2004 और 2005 बैच के आईएएस अधिकारियों का नाम भी शामिल किया गया है। इनमें अविनाश चंपावत (2003 बैच), कंगाले रीना बाबासाहेब (2003 बैच),अंबलगन पी (2004 बैच), अलरमेलमंगई डी (2004 बैच), साकेत कुमार (2005 बैच) और पीटी भूटिया (2015 बैच) शामिल हैं।

सुहास एलवाई का पूरा नाम सुहास लालिनकेरे यतिराज है और उनका जन्म 2 जुलाई 1983 को कर्नाटक के शिमोगा में हुआ था। बचपन से ही वह एक पैर से दिव्यांग रहे हैं, (शेष पृष्ठ-3 पर)

# शमशान घाट में निर्माण रोका, मजदूरों का फोड़ा सिर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के ग्राम दतावली में शमशान घाट में टीन शेड के निर्माण को कुछ दबंगों ने रोक दिया। दबंगों ने वहां काम कर रहे मजदूरों पर लाठी डंडों वधारदार हथियारों से हमला किया जिसमें कुछ मजदूर घायल हो गए। इस मामले में ग्राम अच्छेजा के निवासी नवीन नागर ने थाना दादरी में एफआईआर दर्ज कराई है। थाना दादरी में नवीन नागर पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम अच्छेजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 मार्च को वह अपने मजदूरों के साथ ग्राम दतावली में शमशान घाट में टीन शेड का निर्माण कर रहे थे। दोपहर में बलराज भाटी पुत्र मदन ग्राम दतावली अपने कुछ साथियों के साथ शमशान घाट में आया और सरकारी कामकाज को रोक दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## बीमार स्कूल

हरियाणा के सरकारी स्कूल जिस बदहाली से गुजर रहे हैं उसका निष्कर्ष यही है कि ये स्कूल बीमार भविष्य के कारखाने साबित हो सकते हैं। हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए युक्तीकरण के प्रयासों से राज्य में सार्वजनिक शिक्षा की निराशाजनक स्थिति ही उजागर हुई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य में 487 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बिना किसी शिक्षक के संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विडंबना यह है कि करीब 294 स्कूलों में कोई छात्र नामांकित नहीं है। निश्चय की छात्रों के मोहभंग के कारणों को समझना कठिन नहीं है। निश्चित रूप से यदि प्राथमिक शिक्षा की यह तस्वीर है तो माध्यमिक और उच्च शिक्षा की स्थिति और भी खराब हो सकती है। विडंबना यह भी है कि शिक्षा व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में शिक्षकों की बड़ी कमी के बावजूद पांच हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो गए हैं। हालांकि, छात्र-शिक्षक अनुपात 28ः1 प्रबंधनीय लग सकता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा खराब है। लगभग 16,500 से अधिक टीजीटी और 11,341 पीजीटी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं राज्य के विश्वविद्यालय और कालेज भी शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। यहां तक कि सरकारी कॉलेजों में भी व्याख्याताओं के लगभग आधी पद खाली हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि राज्य में योग्य बेरोजगारों की बड़ी संख्या के बावजूद ये पद खाली पड़े हैं। जो व्यवस्थागत खामियों की ओर ही इशारा करते हैं। विसंगति यह भी है कि बजटीय उपेक्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक संबंधित मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आवंटित बजट का समय रहते उपयोग न कर पाने के कारण शिक्षा निधि में 10,675 करोड़ रुपये वापस लौटने का उल्लेख किया था। जो शिक्षा विभाग की उदासीनता की ही तस्वीर ही उकेरता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि एक ओर वित्तीय संसाधनों की कमी की बात कही जाती है और दूसरी ओर शिक्षा निधि में उपयोग न किए गए धन को लौटाने की बात सामने आ रही है। जाहिरा तौर पर यदि आवंटित धन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा रहा है तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा निरर्थक ही साबित होगा। कमोवेश शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों के छात्रों का अंकगणितीय ज्ञान और साक्षरता का कौशल पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल से कमतर ही है। हाल में जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2024 एक गंभीर स्थिति को ही उजागर करती है। वार्षिक स्थिति रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि ग्रामीण स्कूलों में कक्षा आठवीं तक के केवल 43.1 प्रतिशत छात्र ही गणित में भाग की गणनाएं कर सकते हैं। जो कि वर्ष 2022 में 49.5 प्रतिशत से कम ही है। जबकि दूसरी ओर पंजाब के स्कूलों के छात्र 58 फीसदी के साथ सबसे आगे हैं। उसके बाद हिमाचल प्रदेश 44 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर पढ़ने का कौशल भी उतना ही चिंताजनक है। ऐसे में शिक्षा क्षेत्र गिरावट का ट्रेंड ही नजर आएगा। जाहिर है इससे छात्रों का ही नुकसान होगा। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को संबोधित करने की जरूरत है। निस्संदेह, सरकारी स्कूलों में समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की ही अधिकता होती है। समाज के वंचित वर्ग के छात्र भी बड़ी संख्या में इन स्कूलों में दाखिले लेते हैं। उनकी पारिवारिक स्थिति कुछ ऐसी होती है कि अभिभावक की छात्रों के उन्नयन में आपेक्षित भूमिका नहीं हो पाती। ऐसे में शिक्षकों की जवाबदेही तय करने की जरूरत तो है ही, साथ ही शिक्षा विभाग को भी व्यवस्थागत विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। सरकार को भी शिक्षक-छात्र अनुपात को न्यायसंगत बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर प्रयास करने चाहिए। उन कारणों की भी पड़ताल हो जिनकी वजह से छात्रों का सरकारी स्कूलों में प्रदर्शन निराशाजनक बना हुआ है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यद्यपि शिवजी ने यह हित की शिक्षा दी, पर नारदजी को वह अच्छी न लगी। हे भरद्वाज! अब कौतुक ( तमाशा ) सुनो। हरि की इच्छा बड़ी बलवान है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥**
**संभु बचन मुनि मन नहिं भाए। तब बिरंचि के लोक सिधाए॥**

श्री रामचन्द्रजी जो करना चाहते हैं, वही होता है, ऐसा कोई नहीं जो उसके विरुद्ध कर सके। श्री शिवजी के वचन नारदजी के मन को अच्छे नहीं लगे, तब वे वहाँ से ब्रह्मलोक को चल दिए॥

**एक बार करतल बर बीना। गावत हरि गुन गान प्रबीना॥**
**छीरसिंधु गवने मुनिनाथा। जहँ बस श्रीनिवास श्रुतिमाथा॥**

एक बार गानविद्या में निपुण मुनिनाथ नारदजी हाथ में सुंदर वीणा लिए, हरिगुण गाते हुए क्षीरसागर को गए, जहाँ वेदों के मस्तकस्वरूप (मूर्तिमान वेदांतत्व) लक्ष्मी निवास भगवान नारायण रहते हैं॥

**हरषि मिले उठि रमानिकेता। बैठे आसन रिषिहि समेता॥**
**बोले बिहसि चराचर राया। बहुते दिनन कीन्हि मुनि दाया॥**

रमानिवास भगवान उठकर बड़े आनंद से उनसे मिले और ऋषि (नारदजी) के साथ आसन पर बैठ गए। चराचर के स्वामी भगवान हँसकर बोले- हे मुनि! आज आपने बहुत दिनों पर दया की॥

(क्रमशः...)

# मायावती अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर क्यों थोप रही हैं?

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की नेत्री सुश्री मायावती भले ही दलित की बेटी हैं, लेकिन जब दलित राजनीति के रथ पर सवार होकर वह सूबाई सत्ता और पार्टी दोनों के शीर्ष तक पहुंचीं तो दौलत पसंद बन गईं। उन्होंने अपनी सारी नीतियों को दौलत बटोरने के ही इर्दगिर्द केंद्रित कर दिया। जिससे दृढ़ स्वभाव की इस महिला नेत्री ने न केवल अकूत धन बटोरीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी खूब आगे बढ़ाया। इस क्रम में उन्होंने जायज-नाजायज का ख्याल तक नहीं रखा। क्योंकि दलित समर्थक एक कानून हमेशा उन जैसों की कानूनी ढाल बन जाता है हालांकि, वक्त का पाशा पलटते ही अब वही दौलत उन जैसी अविवाहित महिला के गले की फांस बन चुका है।

कहना न होगा कि जिस बामसेफ ने देश की दलित राजनीति को एक मजबूत प्रशासनिक आधार दिया, उसकी भी मायावती काल में इसलिए एक न चली, क्योंकि परिवार और पार्टी से आगे की सोच-समझ उनमें विकसित ही न हो पाई। दरअसल, बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के मेहनत से फली-फूली धुर ब्राह्मण विरोधी दलित पार्टी बसपा पर मायावती ने उनके जीते जी ही अपना कब्जा जमा लिया और अपने सहोदर भाई आनंद की मदद से निरंतर मजबूत होती चली गईं, लेकिन जब से उन्होंने सत्ता प्राप्ति की गरज से ब्राह्मणों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर विकसित किया, तब से उन्हें अप्रत्याशित राजनीतिक सफलता तो खूब मिली, लेकिन उनका मूल कैडर इधर उधर छिटकने लगा।

इसके अलावा, जब से समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव से उनकी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भाजपा नेताओं की शह पर तेज हुई, तब से दलित समर्थक ओबीसी भी उनसे छिटकने लगे। वहीं, भाजपा के समर्थन से सत्ता की राजनीति जबसे उन्होंने शुरू की, तब से मुस्लिम वोटर भी बसपा से दूरी बनाने लगे। हालांकि, सत्ता संतुलन के लिए उन्होंने सवर्णों, ओबीसी और अल्पसंख्यक नेताओं को मलाईदार पद दिए, जिससे दलित भी उनसे ईर्ष्या करने लगे। इन सब कारणों से बसपा का जनाधार छीजता चला गया।

वहीं, कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरी वश वह बिल्कुल अकेले बच गई हैं। सवाल है कि तीन बार भाजपा या सपा के सहयोग से और एक बार अपने दम पर हासिल बहुमत से यूपी की मुख्यमंत्री बनने वाली मायावती, केंद्रीय राजनीति में अपने अच्छे-खासे सांसदों के बल पर दबदबा रखने वाली मायावती आखिर इस सियासी दुर्दिन को कैसे प्राप्त हुईं।

तो जवाब यही होगा कि एक ओर उनका पारिवारिक प्रेम और दूसरी ओर भावनात्मक रूप से जुड़े नेताओं-कार्यकर्ताओं की मौद्रिक कारणों से उपेक्षा। हालांकि, जब तक वह इस बात को समझ पाई, तबतक बहुत देर हो चुकी है। आज उनके सांसदों और विधायकों की संख्या न के बराबर है। ऐसे में उनके घर में और पार्टी में जो पारिवारिक कोहराम मचा हुआ है, वह कोई नई बात नहीं है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं।

हालांकि, यह भी कड़वा सच है कि अपनी जिस जिद्दी स्वभाव के चलते वह सियासत में खूब आगे बढ़ीं, अब उसी जिद्दी स्वभाव के चलते उनकी पार्टी और परिवार दोनों बिखराव के कगार पर है। वहीं, 70 वर्षीय मायावती सूझबूझ से काम लेने के चक्कर में गलतियां पर गलतियां करती जा रही हैं। जिस तरह से वो अपने ही निर्णय को बार बार पलट देती हैं, उससे उनकी सियासी साख भी चौपट हो रही है। इससे सीएम-पीएम बनने का उनका ख्वाब तो चूर हो ही रहा है, लेकिन जोड़-तोड़ से राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति या राज्यपाल बनने या फिर केंद्रीय मंत्री बनने की बची खुची संभावनाएं भी समाप्त होती जा रही हैं।

चूंकि देश की दलित राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि ओबीसी नेताओं की तरह ही दलित नेता भी एक दूसरे राज्यों के बड़े दलित नेताओं से स्वभाविक समझदारी विकसित नहीं कर पाए और खुद को कमजोर करते चले गए। यूपी में तो मायावती ने दलितों को कद्दावर मुख्यमंत्री दिया, लेकिन बिहार आजतक उससे वंचित है। शायद इसलिए कि भाजपा-कांग्रेस ने अपनी सियासी हितों के लिए इन्हें भी आपस में लड़ाया और अपने इरादे में कामयाब रहे।

हाल ही में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को हटाते हुए उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ पर जो निशाना साधा निशाना है, इससे उन्हें लाभ के बजाय और अधिक हानि हो सकती है, क्योंकि ये पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे हैं और उनकी हर कमजोरी से वाकिफ हैं। यदि ये विभीषण बन गए तो उनका क्या होगा, सोच-समझ लें तो उचित रहेगा। दरअसल, मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है लेकिन इसके लिए उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को ज़िम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी अहम पदों से हटा दिया और कहा कि अहम फ़ैसले अब वह ख़ुद लेंगी। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक वह ज़िंदा रहेंगी, तब तक उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि उनके लिए पार्टी पहले है और बाकी रिश्ते-नाते बाद में। बता दें कि 2019 में मायावती ने आकाश को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था और अपने छोटे भाई यानी आकाश के पिता आनंद कुमार को बीएसपी का उपाध्यक्ष बनाया था।

इसके बाद से ही मायावती पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे आरोप पार्टी के भीतर और बाहर दोनों जगह लग रहे थे। कई लोग यह भी कहते हैं कि पार्टी के पुराने नेता आकाश आनंद को लेकर बहुत सहज नहीं थे। ऐसे में दिलचस्प है कि अब आकाश आनंद की जगह उनके पिता आनंद कुमार और साथ में रामजी गौतम को राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया है। साथ ही अपने भतीजे को सभी अहम पदों से हटाने के फ़ैसले को सही ठहराते हुए मायावती ने बीएसपी के संस्थापक कांशीराम का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि कांशीराम पार्टी में परिवार और रिश्तेदारों के काम करने के ख़िलाफ़ नहीं थे लेकिन उन्हें बाक़ी कार्यकर्ताओं से ज़्यादा विशेषाधिकार मिले, इसके ख़िलाफ़ थे।

ऐसे में सवाल है कि मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को बीएसपी से क्यों निकाला था? क्या पारिवारिक कलह से जूझ रही हैं पार्टी सुप्रीमो? ऐसे में मायावती के भतीजे आकाश आनंद क्या उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी बन पाएँगे? क्योंकि मायावती के पुराने तेवरों की वापसी से मिलते नए संकेत से पता चलता है कि इसका भावी असर क्या होगा? ये तो वही जानें।

दरअसल, लखनऊ में रविवार को बीएसपी की बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि कांशीराम के पदचिह्नों पर चलते हुए ही आकाश आनंद को सभी पदों से हटा दिया गया है और उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया गया है। अशोक सिद्धार्थ ने पार्टी को पूरे देश में दो गुटों में बाँटकर कमज़ोर किया है। बीएसपी ने कहा है कि अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर निकालने के बाद यह देखना होगा कि उनकी लड़की यानी आकाश आनंद की पत्नी प्रज्ञा पर इसका क्या असर पड़ता है और यह भी देखना होगा कि पत्नी का प्रभाव आकाश पर कितना पड़ता है। बीएसपी का कहना है कि इस आकलन पहले कुछ भी सकारात्मक नहीं लग रहा है।

पार्टी का कहना है कि आकाश आनंद के ख़िलाफ़ जो कार्रवाई की गई, उसकी ज़िम्मेदारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की बनती है। क्योंकि अशोक सिद्धार्थ के कारण ही पार्टी का तो नुक़सान हुआ ही है, आकाश आनंद का राजनीतिक करियर भी ख़राब हो गया है। मायावती ने यह भी कहा है कि अशोक सिद्धार्थ से मिले सबक के बाद आनंद कुमार ने अब अपने बच्चों का रिश्ता ग़ैर-राजनीतिक परिवार में जोड़ने का फ़ैसला किया है, ताकि बीएसपी के आंदोलन पर नकारात्मक असर ना पड़े।

बता दें कि अशोक सिद्धार्थ भी बीएसपी और मायावती के लिए कोई अनजाने व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि मायावती के वफ़ादरों में अशोक सिद्धार्थ का नाम पहली पंक्ति में आता था। लेकिन गत 12 फ़रवरी 2025 को मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि दक्षिणी राज्यों के प्रभारी डॉ अशोक सिद्धार्थ चेतावनी के बावजूद गुटबाजी में लगे थे। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण बीएसपी से निष्कासित कर दिया गया है। इस पर मायावती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम के पद चिन्हों पर चलकर मैं भी एक ईमानदार व निष्ठावान शिष्या और उत्तराधिकारी के नाते अशोक सिद्धार्थ को आंदोलन के हित में पार्टी से बाहर कर दिया है। इसके बाद से उनके परिवार का अंतर्कलह और बढ़ गया।



*कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरी वश वह बिल्कुल अकेले बच गई हैं।*

दरअसल, अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा सिद्धार्थ से ही आकाश की शादी 2023 में हुई थी। तब अशोक सिद्धार्थ को बीएसपी में मायावती के बाद दूसरी पंक्ति के अहम नेता के रूप में देखा जाता था। क्योंकि मायावती ने ही अशोक सिद्धार्थ को राज्यसभा भी भेजा था और दक्षिण भारत में पार्टी के विस्तार की ज़िम्मेदारी दी थी। मायावती से संबंधों में भरोसे के कारण ही मार्च 2023 में अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा और आकाश आनंद की शादी हुई थी। कहा जाता है कि आकाश को दोबारा राष्ट्रीय समन्वयक बनाने में अशोक सिद्धार्थ की अहम भूमिका थी।

वहीं, बीएसपी में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और अशोक सिद्धार्थ के बीच काफी तनातनी की ख़बरें पहले से ही आ रही थीं। जिसके चलते ही अशोक सिद्धार्थ को राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीएसपी कैंपेन का प्रभारी बनाया गया था लेकिन वहां भी पार्टी औंधे मुँह गिरी थी। ऐसे में सवाल है कि अब आकाश आनंद का क्या होगा, क्योंकि आकाश आनंद को दूसरी बार बीएसपी के राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया गया है। ऐसे में अब सुलगता सवाल यही है कि क्या आकाश आनंद का बीएसपी में भविष्य ख़त्म हो गया है?

हालांकि आकाश की जगह उनके पिता को ज़िम्मेदारी देने के बाद ऐसा लग नहीं रहा है कि उनका भविष्य ख़त्म हो गया है। क्योंकि मायावती क़रीब 70 साल की हो गई हैं और पार्टी को एक नौजवान नेता चाहिए। ऐसे में आकाश आनंद को भले अभी नेपथ्य में रख रही हैं लेकिन आख़िरकार पार्टी की कमान परिवार के हाथों में ही आएगी। लेकिन चिंता की बात यह है कि पार्टी पिछले डेढ़ दशक में काफ़ी कमज़ोर हुई है। पार्टी का जनाधार तेज़ी से गिरा है और अभी इस बात के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं कि बीएसपी अपना खोया जनाधार वापस पा लेगी।

बता दें कि बहुजन समाज पार्टी ने पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 488 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं, उत्तर प्रदेश बीएसपी का गढ़ रहा है। यूपी में भी पार्टी ने 79 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी का यही प्रदर्शन था। बहरहाल, बीएसपी का राष्ट्रीय स्तर पर वोट शेयर गिरकर महज 2.04 प्रतिशत रह गया है। उत्तर प्रदेश में भी बीएसपी का वोट शेयर 9.39 प्रतिशत ही रह गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी को 10 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन तब समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन था।

वहीं, 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में तो बीएसपी को महज एक सीट पर जीत मिली थी। 2017 के विधानसभा चुनाव की तुलना में बीएसपी का वोट शेयर भी 22.23 प्रतिशत से गिरकर 12.88 प्रतिशत हो गया था। हालांकि, 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीएसपी को 19 सीटों पर जीत मिली थी। उसके बाद ही स्थिति को सुधारने के लिए 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी को जीत की रेस में लाने में वो भी नाकाम रहे थे। वहीं, हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी।

बता दें कि मायावती ने पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। तब हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की ज़रूरत है। लेकिन आकाश को तब हटाया गया था, जब वह सत्ताधारी बीजेपी पर सीधा और तीखा हमला बोल रहे थे। फिर 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद आकाश आनंद की फिर से वापसी हुई। जनवरी 2025 में तो एक तरह से आकाश को प्रमोट करते हुए राज्यों की ज़िम्मेदारियों से मुक्त करते हुए सांगठनिक और कैंपेन से जुड़ीं राष्ट्रीय ज़िम्मेदारियां दे दी गई थी।

ऐसे में बीएसपी के घटते जनाधार के बीच उसके भविष्य को लेकर सालों से गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पार्टी अपना जनाधार वापस पाने के लिए क्या करेगी? यह देखना दिलचस्प रहेगा। यदि मायावती सड़कों पर उतरती नहीं हैं, तो बीएसपी में भविष्य का नेतृत्व कौन करेगा, यक्ष प्रश्न है? क्योंकि मायावती 70 साल की हो गई हैं लेकिन उनके बाद पार्टी का क्या होगा, इसे लेकर संशय अब भी बना हुआ है। मसलन, उत्तर प्रदेश में दलित वोटरों को अपने पाले में करने के लिए मुख्यधारा की भाजपा और कांग्रेस पार्टियां तो कोशिश कर ही रही हैं, दूसरी तरफ़ चंद्रशेखर भी इस पर दावा कर रहे हैं। बता दें कि दलित नेता चंद्रशेखर उर्फ रावण उत्तर प्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं जबकि बीएसपी को यूपी में एक भी सीट नहीं मिली थी।

वहीं, मायावती के फ़ैसले पर चंद्रशेखर ने तंज कसते हुए कहा है कि मुझे बाबा साहेब आंबेडकर की वो बात याद आती है कि अब रानी के पेट से राजा का जन्म नहीं होगा। लेकिन मायावती ने इस बात उपेक्षा की। इससे बहुजनों के बीच ग़लत संदेश गया है। अब तो हमारी ज़िम्मेदारी और बढ़ गई है।

वहीं, कई विश्लेषकों का यहां तक मानना है कि मायावती नहीं चाहती हैं कि आकाश आनंद बीजेपी पर सीधा हमला बोलें। क्योंकि सियासी हल्के में चर्चा है कि मायावती सत्ताधारी पाार्टी बीजेपी के दबाव में काम कर रही हैं। क्योंकि उन पर भी सीबीआई और ईडी की तलवार लटकी हुई है। ऐसे में आकाश आनंद जब जब बीजेपी पर हमला बोलते हैं तो मायावती असहज हो जाती हैं। भले ही मायावती ने एक तरह से ख़ुद को सक्रिय राजनीति से बाहर कर लिया है, जिससे मायावती के समर्थकों को भी यह अहसास हो गया है कि वह अब खुलकर राजनीति नहीं करने वाली हैं। मायावती के पास अब ख़ुद को राजनीति से अलग रखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है।

उधर, आकाश आनंद को हटाए जाने के बाद कांग्रेस नेता उदित राज ने बसपा कार्यकर्ताओं को एक खास ऑफर दिया है। क्योंकि बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा लिए गए इस फैसले से बड़ी संख्या में बसपा के कार्यकर्ता नाराज हुए हैं। लिहाजा, कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद उदित राज ने बसपा के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस में शामिल होने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस घटनाक्रम के कुछ घंटों बाद ही बसपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का आह्वान किया है। रविवार को दिए एक बयान में पूर्व सांसद ने मायावती की आलोचना करते हुए दावा किया कि उनके कार्यों से उनकी पार्टी का पतन हो रहा है। मायावती अपनी पार्टी को खत्म कर रही हैं। बसपा में दलितों या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई 'मिशन' नहीं बचा है।

कांग्रेस नेता उदित राज का यह बयान 17 फरवरी के उस विवाद के बाद सामने आया है, जब उन्होंने मायावती पर बहुजन आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही उदित राज ने अपने पिछले बयान को भी दोहराया है। उन्होंने बसपा पर 'स्पष्ट मिशन की कमी' का आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा में संविधान की रक्षा करने, दलितों और ओबीसी पर अत्याचारों का विरोध करने या निजीकरण के खिलाफ कोई लड़ाई नहीं बची है। इसलिए उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं से बहुजन समाज पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का आग्रह किया। इसके साथ ही कांग्रेस नेता उदित राज ने यह भी कहा कि जो लोग मुझसे नाराज थे, उन्हें अब यह समझ लेना चाहिए कि मेरा इरादा उन्हें स्थिति से अवगत कराना था।

**- कमलेश पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शब्द साधक की तरह व्यवहार करेंगे। धन बढ़ेगा। कुटुंब बढ़ेगा। मन पसंद भोजन मिलेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम गरम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शुभ कार्यों में खर्च की अधिकता रहेगी। कर्ज की स्थिति आ सकती है, स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। नौकरी-चाकरी, व्यापार, पिता का साथ सबकुछ बहुत अच्छा रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
थोड़ा बचकर पार करिए। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान लगभग ठीक है। व्यापार ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय। प्रेम के लिए, संतान के लिए। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के लिए सुनहरा अवसर है। घर में कोई शुभ संस्कार हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान व व्यापार बहुत अच्छा।

# मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा ने झोंकी ताकत

## आठ मार्च को होगी जनसभा





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी 8 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एनटीपीसी परिसर में एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के दादरी से विधायक तेजपाल सिंह नागर ने दी है।

विधायक तेजपाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 मार्च को एनटीपीसी परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम बुधवार को एनटीपीसी के महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी तरह से जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया और गौतमबुद्धनगर के भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने जनसभा स्थल का कल दौरा किया और लोगों से बातचीत कर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की।

भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा को लेकर प्रतिदिन कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बुलंदशहर, गाजियाबाद और हापुड़ से भी लोग पहुंचेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित जिलों के भाजपा जिला अध्यक्षों को सौंपी गई है। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सक्रिय हैं।

भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि जनसभा ऐतिहासिक हो इसके लिए पूरी ताकत के साथ कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## अबू आजमी के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही : भाटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने कहा कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब को नायक मानने वालों को यहां रहने का कोई हक नहीं है।



उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा की है, जो अनुचित है। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

प्रणीत भाटी ने कहा कि औरंगजेब ने जज़िया कर लगाया, मंदिरों को ध्वस्त किया और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। यही कारण है कि कोई भी मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखना चाहता।

# अट्टा में पटरी वालों ने किया अतिक्रमण

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-27 स्थित अट्टा मार्केट में ठेला-पटरी वालों ने एक बार फिर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे लोगों का आना-जाना दुश्वार हो गया है। बताया जाता है कि कई सफेदपोश नेता इन पटरी व्यवसायियों का समर्थन कर रहे हैं। ये नेता अवैध रूप से उनसे धन वसूलते हैं और उन्हें यहां दुकानें लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कई बार इनके खिलाफ अभियान चलाया, लेकिन अब फिर से ठेला-पटरी वालों ने पूरे सेक्टर-27 में अतिक्रमण कर लिया। हालात यह है कि लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


सामाजिक संगठनों ने कई बार इस समस्या की शिकायत नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बताया जाता है कि इन पटरी व्यवसायियों के कारण सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और चोरी की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है।

ठेला-पटरी वालों द्वारा किए गए इस अतिक्रमण के कारण लोग पैदल चलने में भी असहज महसूस कर रहे हैं, लेकिन दुकानदार अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

# कांग्रेस न होती तो क्या होता!

कांग्रेस न होती तो क्या होता नेहरू न होते तो क्या होता। क्या होता तो क्या ना होता, इस बात का सिलसिला बड़ा लंबा है। यह देश को ठगने का जुमला है।
कुछ लोग तो यह भी कहते हैं।
भाजपा ना होती तो विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री न बनते,
मंडल के विरोध में सड़कों पर नौजवान पतिंगे की तरह आत्मदाह न करते,
रुबिया के अपहरणकर्ता आतंकवादियों को रिहा करके पाकिस्तान न पहुंचाया जाता,
लाखों कश्मीरी पंडितों का कत्लेआम और देश निकाला न होता।
मासूम कारसेवक और राम भक्त बलि का बकरा न बनते,
घुसपैठ की अलर्ट की अनदेखी न करते तो कारगिल में देश के जवानों का अनावश्यक खून न बहता,
कल्याण सिंह जैसा क्रांतिकारी नेता दो दो बार पार्टी छोड़कर बागी न होता और मुलायम सिंह की शरण में ना जाता,
दो बार मायावती और एक बार मुलायम सिंह मुख्यमंत्री न बन पाते।
कुलदीप सिंह सेंगर विधायक न होते और विधायक न होते तो युवती के साथ बलात्कार न करते। युवती के साथ बलात्कार न करते तो उसके गवाह और पिता के ऊपर ट्रक चढ़ा कर हत्या न की जाती।
भाजपा न होती तो चिन्मयानंद सांसद न होते
चिन्मयानंद सांसद न होते तो अपने विद्यालय की छात्रा के साथ बलात्कार न करते और साधु संतों का नाम बदनाम न होता।
भाजपा न होती तो अपने हक के लिए किसान आंदोलन न होता।
किसान आंदोलन न होता तो 700 किसानों की अकाल मृत्यु न होती।
भाजपा न होती तो भाजपा के मंत्री का बेटा किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ा कर उनकी हत्या न करता।
भाजपा ना होती तो नोटबंदी न होती और नोटबंदी में हजारों गरीबों की बेटियों की शादी में पैसे के लिए उन्हें दर-दर न भटकना पड़ता।
बैंक में लाइन लगाकर खड़े खड़े तमाम बुजुर्गों की मृत्यु न होती।
भाजपा न होती तो पुलवामा कांड न होता तो सेना के कई अफसरों और जवानों की मृत्यु न होती।
भाजपा न होती तो देश की अरबों की संपत्ति कौड़ी के मोल अडानी अंबानी और अन्य के हाथ न बेची जाती।
भाजपा न होती तो इतनी महंगाई न होती,
भाजपा न होती तो आजादी के बाद अब तक की सबसे भयंकर विकास दर में गिरावट न होती।
भाजपा न होती तो पेट्रोल के दाम तीन गुना न होते।
भाजपा न होती तो कोरोनावायरस नामक महामारी से मृत्यु का भीषण तांडव न होता ,
सड़कों पर चिताएं न धधकती और गंगा पर कुत्ते बिल्ली की तरह मनुष्य के शव न तैरते।
भाजपा न होती तो झूठ का प्रचार ना होता ,देश के युवा और छात्र-छात्राएं झूठ से ठगे ना जाते।
अपार सफलता के बाद झूठ राजनीति के लिए महामंत्र न होता।
भाजपा न होती तो देश में ?
जनजन के हृदय में सिर्फ राम होते।
हरगिज़ हरगिज़ न नाथूराम होते।



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

# बहलोलपुर के पास झुग्गियों में लगी भीषण आग

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के थाना सेक्टर 63 स्थित बहलोलपुर के पास चोटपुर में स्थित झुग्गी झोपड़ियों कॉलोनी में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान सिलेंडर फटने से आग ने देखते ही देखते हैं, विकराल रूप धारण कर लिया। झुग्गियों में रह रहे लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस और दमकल की गाडियां मौके पर पहुँच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। लेकिन आग पर काबू पाने से पहले दो दर्जन झुग्गी पूरी जल कर खाक हो गई।

चीफ फायर अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि नोएडा के सैक्टर-63 स्थित बहलोलपुर के पास चोटपुर में स्थित झुग्गी झोपड़ियों कॉलोनी में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। आग से झोपडियों में सिलेंडर फटने लगे जिससे आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर सेक्टर 63 थाना पुलिस समेत कई थानों की पुलिस फोर्स और पुलिस के आला अधिकारी और दमकल विभाग की दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पहुँच कर आग को बुझाने का काम शुरु कर दिया. चीफ फायर अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि सूचना मिलते ही पहले 3 फायर यूनिट को भेजा गया है, लेकिन जब यहां आकर देखा गया तो आग काफी फैल गयी है क्योंकि झुग्गियों का घनत्व काफी ज्यादा था, तो हमने यहाँ पर 10 गाड़ियां बुलाई गयी फिर आग को बुझाया गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।



## काउंटी ग्रुप के 26 ठिकानों पर आयकर छापा

नोएडा। आयकर विभाग की नोएडा यूनिट ने बुधवार को रियल एस्टेट से जुड़े काउंटी बिल्डर ग्रुप पर छापा मारा। कैश में फ्लैट व अन्य संपत्तियों को बेचकर आयकर चोरी के इनपुट पर 5 शहरों में ग्रुप के 26 ठिकानों पर टीमें पहुंचीं। कोलकाता, गुड़गांव के दो-दो, गाजियाबाद के पांच, दिल्ली के चार, नोएडा के 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई। टीमें बिल्डर ग्रुप से जुड़े प्रॉपर्टी एजेंटों तक भी पहुंचीं। देर शाम तक जारी रही कार्रवाई में आयकर विभाग ने किसी तरह की बरामदगी की सूचना आधिकारिक तौर पर नहीं दी है। लेकिन बड़ी तादाद में दस्तावेज, लैपटॉप व कम्प्यूटर विभाग ने कब्जे में लिए हैं।

# महिला से ऑनलाइन ठगी
## व्हाट्सएप ग्रुप और फ्री अमेज़न वाउचर के ज़रिए गंवाए 51 लाख रुपये

**ग्रेटर नोएडा।** एक महिला के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है, जहां उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर और मुफ्त अमेज़न गिफ्ट वाउचर का लालच देकर 51.50 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यह ठगी एक फर्जी स्टॉक मार्केट निवेश स्कीम के ज़रिए की गई।

पीड़िता, मीनू रानी, को सबसे पहले सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति, हरि सिंह, ने संपर्क किया। हरि ने खुद को 15 साल का अनुभवी स्टॉक मार्केट निवेश विशेषज्ञ बताया और उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया, जहां लोग निवेश के बारे में चर्चा कर रहे थे। कुछ समय बाद, ग्रुप की एक अन्य सदस्य, आरती सिंह, ने मीनू से संपर्क किया और बताया कि हरि सिंह ने सभी महिलाओं के लिए 1,000 के अमेज़न गिफ्ट वाउचर खरीदे हैं। वाउचर का लाभ उठाने के लिए मीनू को अपने अमेज़न अकाउंट में लॉगिन करने को कहा गया, जिसके बाद उसे 1,000 की राशि प्राप्त हुई। इस घटना ने उसके विश्वास को और मजबूत कर दिया। इसके बाद, हरि सिंह ने उसे भरोसा दिलाया कि वह स्टॉक मार्केट में निवेश करके अपनी रकम को 3 से 5 गुना तक बढ़ा सकती है। शुरुआत में, उसने 50,000 निवेश किए और एक फर्जी मोबाइल ऐप के ज़रिए उसे अच्छा रिटर्न दिखाया गया। इस पर भरोसा कर उसने और अधिक पैसे निवेश करने शुरू कर दिए।



मुनाफे के लालच में आकर मीनू ने अपने पति, सास और अन्य रिश्तेदारों से उधार लेकर कुल 51.50 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब उसे शक हुआ और उसने एक परिचित से इस बारे में चर्चा की, तो उसे एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो सभी ठगों ने उससे संपर्क तोड़ लिया। इसके बाद मीनू ने ग्रेटर नोएडा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई।

## खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नीतू चौधरी पुत्री श्री अनन्त चौधरी निवासी-गली नंबर-03 सेक्टर-44 नोएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरी हाई स्कूल पास उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद वर्ष 2020 अनुक्रमांक नंबर-0404239 की मार्कशीट की मूल प्रति, व बैंक की पासबुक व अन्य कागजात कहीं खो गए है जिनका उपयोग किसी अन्य द्वारा अवैध होगा मिलने पर उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम मणि यादव (Ram Mani Yadav) पुत्र श्री ननकू राम यादव, निवासी- 107 लकुरी लालगंज अजहारा, जिला-प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) मेरे हाई स्कूल के प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राम मणी यादव पुत्र श्री ननकू राम यादव, जन्म तिथि - 20 अप्रैल 1999 दर्ज है। वही निर्वाचन कार्ड में मेरे पिता का नाम राम मणि यादव पुत्र ननकू दर्ज है जो गलत है। मेरे आधार कार्ड (आधार कार्ड स0-5488 3268 2788) में मेरा नाम अनोखे लाल जन्म तिथि- 02 फरवरी 1982 दर्द है। जो गलत है। जिससे सुधार कर मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम मणि यादव पुत्र ननकू राम यादव जन्मतिथि- 20.04 1999 की जाए । और मेरे निर्वाचन कार्ड में मेरे पिता का नाम ननकू राम यादव किया जाए। और भविष्य में मुझे राम मणि यादव पुत्र श्री ननकू राम यादव के नाम से जाना जाए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**आईएएस सुहास एलवाई...**

लेकिन उनकी इस शारीरिक चुनौती ने उन्हें कभी भी जीवन में सफलता की ओर बढ़ने से नहीं रोका। वह पहले भारतीय आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने एक पेशेवर अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से साबित किया कि किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है, अगर हिम्मत और संघर्ष की भावना प्रबल हो।

साल 2007 में आईएएस अधिकारी के तौर पर नियुक्ति पाने के बाद, सुहास एलवाई ने अपनी कड़ी मेहनत और सटीक प्रशासनिक कौशल के साथ कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। जब वह नोएडा के डीएम रहे, तो उनकी कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना की गई थी। कोविड-2020 महामारी के दौरान उनकी प्रशासनिक व्यवस्था की काफी सराहना हुई थी। इसके अलावा, उन्होंने अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भी कई गोल्ड मेडल्स जीतकर देश का नाम रोशन किया।

**प्राधिकरण 9 हजार करोड़...**

लिए नोटिस व सख्त कदम उठा सकता है। आदेश आते ही प्राधिकरण ने स्पोर्टस सिटी के बकायादारों के बकाय का कैल्कुलेशन कर नोटिस तैयार किए है। इसमें अब तक का बकाया जमा करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

नोएडा में स्पोर्टस एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने स्पोर्टस सिटी परियोजना का कांसेप्ट तैयार करने के लिए एक सलाहकार कंपनी ग्रांड थॉर्नटन को हायर किया। 2008 में पहली बार स्पोर्टस सिटी परियोजना के तहत योजना निकाली गई। योजना को 2009 तक बढ़ाया गया। इसके बाद इसमें लैंड को बढ़ाते हुए 2010-11 से 2015-16 के बीच 32 लाख 30 हजार 500 वर्गमीटर जमीन के लिए 2010-11 में सेक्टर-78,79,101,150, साल 2014-15 में सेक्टर-150 और 2015-16 में सेक्टर-152 योजना निकाली गई।

योजना के तहत 70 प्रतिशत भूमि का प्रयोग स्पोर्टस सिटी के लिए और 30 प्रतिशत में आवासीय , ग्रुप हाउसिंग और व्यवसायिक प्रायोजन के लिए था। जिसमें 12 हजार 500 रुपए प्रतिवर्गमीटर दर तय की गई। योजना के तहत जानडु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-78,79 और 101 में 727500 वर्गमीटर जमीन, लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को एससी-01/150 में 8 लाख वर्गमीटर, लोट्स ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एससी-02/150 को 12 लाख और एटीएस को एससी 01/150 को 5 लाख 3 हजार वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई।

ये जमीन भूमि की कुल लागत का 10 प्रतिशत राशि लेकर किया गया। नियमों को ताक पर रखकर इन चारों बड़े डेवलपर्स ने चारो भूखंडों को 84 सब डिवीजन यानी छोटे-छोटे डेवपर्स को जमीन बेच दी। जिसमें 46 भूखंडो के नक्शे प्राधिकरण ने अप्रूव किए। लेकिन अब तक मूल चारों आवंटियो ने भूमि आवंटन का पैसा प्राधिकरण में जमा नहीं कराया। अब प्राधिकरण इन मूल आवंटियों और बाकी 48 सब डिवीजन आवंटियों को बकाया वापस करने का नोटिस जारी करने जा रही है।

**थार गाड़ी का...**

जिससे उसके परखच्चे उड़ गए । सूचना मिलते ही थाना 58 पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और थार गाड़ी में सवार ड्राइवर को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में घायल चलाक की हालत गंभीर बनी हुई है। एक्सीडेंट के कारण सड़क पर जाम लग गया पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को हटवा कर जाम खुलवाया।

**शमशान घाट में...**

उसने निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों के साथ गाली गलौज की और लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मजदूरों पर हमला बोल दिया। बलराज भाटी मजदूरों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। इस मारपीट में मजदूर कुलदीप व नाहिद गंभीर रूप से चोटिल हो गए जिनका इलाज सीएचसी दादरी में कराया गया है।

बताया जाता है कि हमला करने वाला बलराज भाटी गांव का प्रधान है और काफी दबंग किस्म का आदमी है। ग्रामीणों का कहना है कि बलराज शमशान घाट के ठेकेदार से कमीशन मांगता है जिसके चलते यह विवाद हुआ है।







नौएडा
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ0प्र0
वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारा से निम्न जॉब हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एंव प्राप्त ई-निविदाओ को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की www.noidaauthorityonline.in एंव http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, सशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त **Website** देखते रहे।

| क्र. सं. | जॉब संख्या / कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु0 लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 59 / निदे० (उ०) / उ० निदे० (उ0) – I / 2024–25, एफ०एन० जी० मार्ग पर स्थित तिकोने, रोड सं0–06 ग्राम गढी गोलचक्कर पर पथवृक्षारोपण के अन्तर्गत सौन्दर्यीकरण एवं 02 वर्षीय अनुरक्षण कार्य। | 25.17 |
| 2. | 72 / निदे० (उ०) / उ०निदे० (उ0) – II / 2024–25, सैक्टर–115, 116, 117 तथा 118 के पार्को के पार्को तथा ग्रीन बैल्टों के सिविल अनुरक्षण का कार्य वार्षिक आधार पर कराने का कार्य। | 22.20 |

जिन्हे **दिनांक 12/03/2025** को **सांय 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओ की प्री-क्वालीफिकेशन बिड **दिनांक 17/03/2025** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

कार्यालयः
सैक्टर – 39

निदेशक (उद्यान)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

## जोमेटो स्विगी केनिवेशक होंगे मालालाल

मुंबई। शेयर बाजार में अगर आप स्विगी और जोमैटो के निवेशक मालामाल हो सकते हैं। दोनों शेयरों में अगले एक साल में 127 फीसदी तक के रिटर्न का अनुमान जताया गया है। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्विगी का टारगेट प्राइस 740 रुपये प्रति शेयर और जोमैटो का टारगेट प्राइस 310 रुपये प्रति शेयर रखा है। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन कंपनियों में डिस्काउंट देने का ट्रेंड अब अपने पीक लेवल से नीचे आ चुका है, जो नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच सबसे ऊंचे स्तर पर था। इसके अलावा कंपनियां अब छोटे ऑर्डर्स पर डिस्काउंट देने की बजाय, बड़े ऑर्डर वॉल्यूम को बढ़ावा दे रही हैं। दोनों कंपनियों के परफॉर्मेंस मार्केटिंग खर्चों में भी कटौती हुई है, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनियां अब टिकाऊ ग्रोथ की ओर बढ़ रही हैं। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।

## चीन ने अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य तय किया

बीजिंग। चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद 2025 के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य लगभग पांच प्रतिशत तय किया है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में प्रीमियर ली कियांग ने बुधवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य की घोषणा की गई। यह इस बात का संकेत देता है कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक समय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार कितनी महत्वाकांक्षी है। चीन सरकार के आंकड़ों के अनुसार आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि इस साल उसकी अर्थव्यवस्था 4.6 प्रतिशत बढ़ेगी। यह आंकड़ा 2024 में पांच प्रतिशत था।रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग पांच प्रतिशत का लक्ष्य हमारे मध्यम और दीर्घकालिक वृद्धि लक्ष्यों के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है और कठिनाइयों का सामना करने तथा उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के हमारे संकल्प को दशार्ता है।

## ओला ने कर्मचारियों के लिए नई साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली शुरू की

नई दिल्ली। ओला के संस्थापक और सीईओ भाविश अग्रवाल ने अपनी कंपनियों के कर्मचारियों के लिए एक नई साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की है। क्या चल रहा है? नामक इस पहल के तहत, कर्मचारियों को हर हफ्ते अपने द्वारा पूरे किए गए कामों के 3-5 बुलेट पॉइंट के साथ एक ईमेल भेजना अनिवार्य होगा। यह रिपोर्ट कंपनी के ईमेल पते और उनके प्रबंधकों को भेजी जाएगी। इंटरनल ईमेल में कहा गया कि आज से हम ह्यक्या चल रहा है शुरू कर रहे हैं, ताकि कर्मचारी सीधे मुझे और अपने प्रबंधकों को अपने साप्ताहिक अपडेट साझा कर सकें। इसमें आगे बताया गया कि सभी को क्या चल रहा है वेबसाइट पर अपने अपडेट भेजने होंगे। रिपोर्ट की समयसीमा अगले दिन तय की गई, जबकि भविष्य में इसे हर रविवार को जमा करना अनिवार्य होगा। यह पहल ऐसे समय में आई है।

# शेयर बाजार में बढ़त पर बंद



एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार 10 दिन तक कमजोरी का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को जबरदस्त तेजी का माहौल बना रहा। माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में राहत का संकेत देने, एशियाई बाजारों की मजबूती, मिडकैप और स्मॉलकैप के साथ ही ब्लू चिप कंपनियों के स्टॉक्स में हुई लिवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार उत्साह बना रहा। शेयर बाजार में आज आई तेजी की सबसे बड़ी वजह अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेट्री हावर्ड विलियम लुटनिक के बयान को माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने इस बात का संकेत दिया है कि कनाडा और मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ को आने वाले दिनों में कुछ कम किया जा सकता है। लुटनिक ने अपने बयान में कहा है कि टैरिफ को कुछ मानकों के आधार पर संतुलित किया जा सकता है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार अगर ट्रंप प्रशासन टैरिफ वॉर में राहत देता है तो इससे ग्लोबल ट्रेड में अस्थिरता कम होने की उम्मीद बढ़ेगी और निवेशकों का जोखिम कम होगा। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि लूटनिक के बयान के अलावा आज एशियाई बाजारों में आई तेजी ने भी घरेलू शेयर बाजार को काफी सहारा दिया। आज एशिया के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करते रहे। इसी तरह आज निवेशकों ने मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी करने के साथ ही ब्लू चिप कंपनियां के शेयरों में भी जमकर खरीदारी की। पिछले कुछ दिनों के दौरान बाजार में आई गिरावट के कारण हाई क्वालिटी वाले लार्जकैप शेयर तुलनात्मक तौर पर सस्ते हुए हैं, जिसकी वजह से निवेशक आज इन शेयरों में निचले स्तर से लगातार खरीदारी करते रहे। इसी तरह खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर शुरू करने से भारतीय निर्यातकों को फायदा मिलने की उम्मीद बन गई है। मैक्सिको, कनाडा और चीन पर अमेरिका ने भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में अपना शिपमेंट बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसके पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी चीनी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। इस टैरिफ के कारण भारतीय निर्यातकों को अपना शिपमेंट बढ़ाने में काफी मदद मिली थी। भारतीय निर्यातकों को टैरिफ वॉर के कारण फायदा होने की संभावना की वजह से भी आज घरेलू शेयर बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। हालांकि खुराना का ये भी कहना है कि शेयर बाजार में आई आज की तेजी को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार निफ्टी को 22 हजार अंक के स्तर पर और सेंसेक्स को 72,800 अंक के स्तर पर मजबूत सपोर्ट मिल रहा है। लेकिन अगर इस स्तर पर बाजार टूटता है, तो निफ्टी 21,500 और सेंसेक्स 71,500 अंक के स्तर तक लुढ़क सकते हैं। इसलिए निवेशकों को अभी शॉर्ट टर्म ट्रेड से बचना चाहिए।

## भारत के सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि, उत्पादन और रोजगार में बढ़ोत्तरीः पीएमआई



एजेंसी


नई दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र में फरवरी महीने में तेज वृद्धि के चरम पर पहुंचा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण, जिसे 26 महीनों की निकटता में पाया गया है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने बताया कि नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार इस माह में सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि हो रही है और इससे रोजगार में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। इस अच्छे समाचार का संकेत एचएसबीसी की सूचकांक ने दिया है। पहले 26 महीने में 56.5 से बढ़कर इस महीने में 59.0 तक पहुंच गया है, जिससे साफ होता है कि देश के सेवा क्षेत्र में तेजी सतह पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था के इस उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव के बीच, वैश्विक मांग की वृद्धि ने सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे उत्पादन वृद्धि और रोजगार की स्थिरता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस सुधार के बड़े असर को देखते हुए, सेवा क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ और भी अच्छी गति की उम्मीदें जताई जा रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड कॉम्फी ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार




रांची। दर्द प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी, अमृतांजन हेल्थकेयर ने महिला स्वच्छता से जुड़े बेहतर और किफायती उत्पादों की आवश्यकता को देखते हुए हुए 2011 में 'कॉम्फी' ब्रांड लॉन्च किया था। आज, कॉम्फी 100 करोड़ रुपये का ब्रांड बन गया है, जो सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और पीरियड पेन रोल-ऑन सहित मासिक धर्म से जुड़े समाधानों की पूरी श्रृंखला के साथ लाखों महिलाओं को सशक्त बना रहा है, वह भी बेहद किफायती कीमत पर। भारत में मासिक धर्म का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या 35.5 करोड़ है और फिलहाल उनमें से केवल 36 फीसदी महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग कर पाती हैं। महिला स्वच्छता से जुड़े उत्पादों के लिहाज से अग्रणी बेला प्रीमियर हैप्पी हाइजीन केयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, टीम ने उत्तरी अमेरिका से आयातित पल्प का उपयोग कर एक ऐसा उत्पाद विकसित किया जो भारत में अन्य प्रमुख ब्रांडों की तुलना में 80 फीसदी बेहतर अवशोषण का वादा करता है। अमृतंजन हेल्थकेयर लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एस. संभू प्रसाद कहते हैं, 'कॉम्फी आज एक अरब रुपये (100 करोड़) का ब्रांड है। हमारे विशिष्ट रूप से डिजाइन किए गए सैनिटरी पैड की बाजार में उल्लेखनीय स्वीकार्यता के कारण हमारा महिला स्वच्छता व्यवसाय लगातार दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज रहा है।

## कॉमेडके/यूनिगेज यूजीईटी की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख घोषित




रांची। पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है, जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं, जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। कॉमेडके यूजीइटी / यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवार, 10 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ- फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बी.ई/बी.टेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है।यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं। देशभर के छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।छात्र 3 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 2022 में, कॉमेडके ने छात्रों की स्किल्स को सुधारने के लिए कई कोर्स प्रदान करके छात्रों को वर्कफोर्स के लिए तैयार करने के लिए 8 कॉमेडके केर्स इनोवेशन हब पेश किए। कॉमेडके के अब कर्नाटक में 10 इनोवेशन हब हैं, जिनमें से 4 बेंगलुरु में और बाकी मैसूरु, कलबुर्गी, मैंगलोर, बेलगाम, तुमकुरु और हुबली में हैं। ये सेंटर 5,000 स्क्वायर फुट में फैले हैं और लकड़ी के रूटिंग, रैपिड प्रोटोटाइप, लेजर कटिंग, 3 डी प्रिंटर, एआर/वीआर टेकनीक आदि सहित मॉडर्न टूल्स से लैस हैं। इनोवेशन हब मॉडर्न सेक्टर जैसे - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआईएमएल), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग (आईडीटी), कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा, कॉमेडके का मानना है कि किसी छात्र की योग्यता ही उसकी शिक्षा का आधार होनी चाहिए। कॉमेडके यूजीइटी परीक्षा फेयरनेस, ट्रांसपेरेंसी और ऑपर्च्यूनिटी देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस प्लेटफॉर्म से 150 से ज्यादा बेहतरीन कॉलेज छात्रों को प्रवेश देते हैं।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी में मामूली गिरावट



एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सरार्फा बाजार में सोने में तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी बुध्वार को मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। सोने के भाव में आज 720 रुपये से लेकर 780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,390 रुपये से लेकर 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,110 रुपये से लेकर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी में आज मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सरार्फा बाजार में 96,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## लीलावती अस्पताल ने कोक्लीयर इम्प्लांट्स के देखभाल में लाई क्रांति



मुंबई। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर लीलावती अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ने मुख्य अतिथि अनीता केली, आयरलैंड के महावाणिज्य दूतावास, कई देशों के महावाणिज्य दूत और व्यापार प्रतिनिधियों, बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी, चिकित्सा पेशेवरों और सम्मानित आमंत्रितों की उपस्थिति में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन और कोक्लियर इम्प्लांट्स पर पुस्तकों के लेखक, डॉ. क्रिस्टोफर डी सूजा ने अपने 27 वर्षों से अधिक के अनुभव और मूल्यवान अंतर्दृष्टि को साझा किया कि कैसे कोक्लियर इम्प्लांट्स ने जन्मजात बहरेपन से पीड़ित और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से संबंधित 500 से अधिक भारतीय बच्चों के जीवन को बदल दिया है। लीलावती अस्पताल का सर्जिकली इम्प्लांटेबल हियरिंग डिवाइस प्रोग्राम, जिसका नेतृत्व डॉ. क्रिस्टोफर डी सूजा और प्रख्यात ईएनटी सर्जनों - डॉ. कमल पारसराम, डॉ. प्रीति ढींगरा और डॉ. अदीप शेट्टी की टीम करती है, ऑडियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, मनोचिकित्सक और सामाजिक कार्यकताओं की एक टीम द्वारा पूर्ण मूल्यांकन और देखभाल प्रदान करता है। लीलावती अस्पताल में नवजात शिशुओं में सुनने की क्षमता बढ़ाने के लिए नवीनतम उपकरण और अत्याधुनिक ऑपरेटिंग रूम उपकरण, सीटी स्कैन, एमआरआई आदि उपलब्ध हैं। कोक्लियर इम्प्लांट 2 वर्ष की आयु से पहले लगाए जाने पर बच्चों में सुनने की क्षमता को पूरी तरह से बहाल करने में सक्षम हैं। कोक्लियर इम्प्लांट दोनों कानों में एक साथ डाले जाते हैं और इन्हें मरीज के जीवन भर के लिए डाला जाता है। लीलावती द्वारा कोक्लियर इम्प्लांट लगवाने वाले बच्चे सामान्य सुनने वाले बच्चों के लिए स्कूल जाने में सक्षम होते हैं और उत्पादक जीवन जीते हैं।

## नथिंग फोन 3ए प्रो भारत में लॉन्च




रांची। नथिंग (नथिंग) ने फोन (3ए) सीरीज पेश की, जो एडवांस्ड फीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और जैसे नथिंग डर नवाचार – ये सब दो खास बेहतर डिजाइनों में आ रहे हैं। डिजाइन फोन (3ए) और फोन (3ए) प्रो दोनों में ही ज्यादा सोफेस्टिकेटेड लुक और फील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फि निश में परिष्कृत विजुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा, फोन (3ए) सीरीज ने अपनी टिकाऊपन को भी 64 रेटिंग में अपग्रेड किया है। कैमरा जब कैमरे की बात आती है, तो फोन (3ए) सीरीज में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। फोन (3ए) में पहली बार ऑप्टिकल जूम के साथ एक अपग्रेडेड 50मिमी मेन सेंसर और एक अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फोन (3ए) के टेलीफोटो कैमरे में 50 मिमी समतुल्य फोकल लेन्थ पर विस्तृत शॉट्स के लिए तेज 1/2.0 अपर्चर के साथ एक दमदार 50 मिमी सेंसर है।

## मुंबई में होगा पांचवां बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 8-9 को




मुंबई। बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां आयोजन इस बार भी मुंबई में होने जा रहा है। इस बार का आयोजन ओम पुरी फाउंडेशन तथा स्टेज एप के सयुंक्त तत्वाधान में संपन्न होगा। हर साल की तरह इस बार भी सिनेमा जगत की जानी मानी हस्तियाँ और फिल्म जगत से जुड़े लोग इसमें शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम इस बार भी मुंबई में 8 और 9 मार्च 2025 को वेदा कुनबा थियेटर, अंधेरी वेस्ट में होगा। बॉलीवुड एक्टर डायरेक्टर प्रतिभा शर्मा तथा सुप्रसिद्ध एक्टर डायरेक्टर यशपाल शर्मा बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक व आइकॉन फेस हैं। बता दें कि बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की स्थापना प्रथम लॉकडाउन से पहले 2020 में हुई थी। तब से इसके लगातार चार कामयाब सेशन हो चुके हैं। 2020-2021 दो सालों से अनवरत ऑनलाइन होने वाले इस फेस्टिवल का ऑफलाइन संचालन तीसरी बार 2022 में 17-18 दिसंबर को मुंबई के ओशिवारा हारमनी मॉल अंधेरी तथा इसका चौथा एक दिवसीय सेशन 20 जनवरी 2024 को वेदा कुनबा थियेटर, अंधेरी वेस्ट मुंबई में हुआ था जिसमें फिल्म जगत की जानी मानी हस्तियाँ जुड़ी थीं। बिफ़्फ अपने चार बरस की कामयाब यात्रा कर चुका है। वर्तमान समय के कमर्शियल दौर में बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का एक ही उद्देश्य है कि दर्शकों तक ज्यादा से ज्यादा स्तरीय व बेहतरीन फिल्मे पहुँचाएं। फिल्म जगत से जुड़े नए लोग फिल्म जगत से जुड़ी बारीकियों को समझें, सीखे और इसका लाभ उठाते हुए कम संसाधनों के साथ भी अच्छी फिल्म निर्माण कर सके। बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल उन लोगों के लिए काम करता है जिनके पास प्रतिभा तो हैं परंतु मंच और अच्छे मार्गदर्शन का अभाव है। यह मंच नई प्रतिभाओं को आगे लाता है। फेस्टिवल मे होने वाली मास्टर क्लास से इन नई प्रतिभाओं को मार्गदर्शन मिलता है। बिफ़्फ मुंबई मे फिल्म जगत से सम्बंधित लोग अपनी फीचर फिल्म, शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, मोबाइल फिल्म, स्टूडेंट्स फिल्म, एनीमेशन फिल्म और म्युजिक वीडियो भेज सकते हैं। चयनित बेहतरीन फिल्म को वर्ष के अंत में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाता है। बेहतरीन कैटेगरी को अवार्ड भी दिया जाता है।

## नोरा फतेही ने ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में बिखेरा जलवा



मुंबई। नोरा फतेही ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह ग्लोबल सेंसेशन क्यों हैं, जब उन्होंने फर्नांडो जे गार्सिया द्वारा डिजाइन किए गए एक लुभावने ऑस्कर डे ला रेंटा गाउन में ऑस्कर 2025 आफ्टर-पार्टी की शोभा बढ़ाई। आधुनिक ग्लैमर के साथ परिष्कार को सहजता से मिलाते हुए, उन्होंने आते ही सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया, उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। गोल्डन मास्टरपीस में लिपटी नोरा का लुक मंत्रमुग्ध करने वाला था, जिसे इंटरनेशनल स्टाइलिस्ट माहेर जरीदी ने परफेक्शन के साथ स्टाइल किया था। गाउन की बारीक कढ़ाई और डिजाइन ने उनकी ग्लैमरस पर्सनालिटी को और भी बेहतरीन बना दिया, जिससे वह उस रात की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट पर अपनी शानदार उपस्थिति के अलावा नोरा वैश्विक मंच और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। उनकी नवीनतम फिल्म 'बी हैप्पी' जल्द ही रिलीज होने वाली है, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह बढ़ा दिया है। इसके अलावा, उनकी वैश्विक हिट स्नेक ने 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर लिए हैं, जिससे उनकी स्थिति दुनिया भर में और भी मजबूत हो गई है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कलात्मक प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली नोरा का प्रभाव संगीत, फि ल्म और फैशन तक फैला हुआ है, जो उन्हें आज वैश्विक मंच पर सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बनाता है। अपने बेजोड़ आकर्षण और अट्रैक्टिव पर्सनालिटी के साथ, नोरा फतेही ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं और हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित इवेंट्स में से एक में अपनी अमिट छाप छोड़ दी।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी बढ़ा




एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो 98 बिलियन डॉलर (2004-2014) से बढ़कर 165 बिलियन डॉलर (2014-2024) हो गया है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने 2025-26 में पीएलआई योजना के तहत प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन बढ़ाया है, जिससे घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। अगस्त 2024 तक, कुल 1.46 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश मिला है, अनुमान है कि यह आंकड़ा अगले साल के भीतर 2 लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। इन निवेशों से उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, जो 12.50 लाख करोड़ रुपए है, जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 9.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं, निकट भविष्य में यह संख्या बढ़कर 12 लाख होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रों में शानदार वृद्धि हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी हार्डवेयर के लिए आवंटन 5,777 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,000 करोड़ रुपए हो गया है और ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट में 346.87 करोड़ रुपए से 2,818.85 करोड़ रुपए तक की वृद्धि हुई है। सरकार के मुताबिक कपड़ा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है, जिसका आवंटन 45 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,148 करोड़ रुपए हो गया है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पीएलआई योजना के तहत फल-फूल रहा है, जो मोबाइल फोन के शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक में बदल गया है। घरेलू उत्पादन 2014-15 में 5.8 करोड़ यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 33 करोड़ यूनिट हो गया है, जबकि आयात में गिरावट आई है। निर्यात 5 करोड़ यूनिट तक पहुंच गया और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 254 फीसदी की बढ़ोरती हुई है, जो मैन्युफैक्चरिंग और निवेश को बढ़ावा देने में योजना की भूमिका को दशार्ता है। 3.5 बिलियन डॉलर के परिव्यय के साथ ऑटोमोटिव पीएलआई योजना ने निवेश को बढ़ावा दिया है और उच्च तकनीक वाले ऑटोमोटिव उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा दिया है। 115 से ज्यादा कंपनियों ने आवेदन किया है, जिनमें से 85 को प्रोत्साहन के लिए मंजूरी दी गई है, जिससे 8.15 बिलियन डॉलर यानी 67,690 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जो लक्ष्य से कहीं ज्यादा है। इस सफलता ने ग्लोबल ऑटोमोटिव सेक्टर में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना ने भारत के रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को गति दी है।

## जियो ने एएमडी, सिस्को व नोकिया के साथ मिलकर एआई प्लेटफॉर्म बनाया

नई दिल्ली। जियो प्लेटफॉर्म्स ने स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एक ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे प्रौद्योगिकी लागत को कम करने के साथ-साथ नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि मल्टी-डोमेन इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क नेटवर्क संचालन की हर परत में कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन को एकीकृत करेगा। रिलायंस जियो के समूह एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बयान में कहा कि एएमडी, सिस्को और नोकिया के सहयोग से जियो ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ा रहा है ताकि नेटवर्क को स्व-अनुकूलित, ग्राहक-जागरूक पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया जा सके।

## भगवान शिव की भूमिका निभाना मेरे सफर का अभिन्न हिस्सा तरुण खन्ना



मुंबई। जाने-माने कलाकार तरुण खन्ना सोनी सब के वीर हनुमान के शो में 11वीं बार भगवान शिव की भूमिका निभाने जा रहे हैं। 11 मार्च से रात 7:30 बजे प्रसारित होने वाले इस धारावाहिक में भगवान हनुमान के जीवन की अद्भुत यात्रा को दशार्या जाएगा—कैसे वे एक बालक से अपने दिव्य शक्तियों के रहस्योद्घाटन तक पहुँचे। ह्यवीर हनुमानह्ण में उनकी उपस्थिति बेहद खास है, क्योंकि हनुमान जी को शिव अंश माना जाता है। तरुण खन्ना ने कहा भगवान शिव को जीवंत करना हमेशा मेरे लिए सम्मान की बात रही है, लेकिन 'वीर हनुमान' वास्तव में मेरे लिए खास है। इस शो में शिव और हनुमान के बीच के गहरे संबंध को खोजने और प्रस्तुत करने का अवसर मिला है, जो इसे और भी शक्तिशाली और भावनात्मक रूप से गहरा

## खास खबर

### खेलो इंडिया का दूसरा चरण 9 से शुरू

**गुलमर्ग** । जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे चरण का आयोजन अब नये कार्यक्रम के अनुसार इसी माह नौ से 12 मार्च तक होगा। पहले ये खेल फरवरी में रखे गये थे पर कम बर्फबारी के कारण तब इनका आयोजन टाल दिया गया था। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उसने नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी की पूरी तैयारी कर ली है। इस टूर्नामेंट में देशभर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। वहीं इससे पहले खेलों का पहला चरण इसी साल जनवरी में लद्दाख के लेह जिले में आयोजित किया गया था जहां आइस-स्केटिंग और आइस-हॉकी स्पधाओं का आयोजन हुआ था।

### पंड्या का फाइनल में खेलना संदिग्ध

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में चोटिल को गये थे। ऐसे में पंड्या का रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। अगर पंड्या फाइनल में नहीं खेल पाते हैं तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। पंड्या के होने से टीम को एक आक्रामक बल्लेबाज के साथ ही तेज गेंदबाज भी मिलता है। इसी कारण टीम इस टूनार्मेंट में अबतक केवल एक तेज गेंदबाज मो शमी और चार स्पिनरों के साथ उतरी है। पंड्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में विराट कोहली के आउट होने के बाद उतरे थे और उन्होंने केवल 24 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 3 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण ही ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदें टूट गयी। 47वें ओवर में रन लेते समय उनकी एड़ी मुड़ गई थी जिसके बाद वह लंगड़ाते हुए दिखे। तक केएल राहुल ने उन्हें रन लेने से मना किया, जिसके बाद हार्दिक वापस लौटते समय चोटिल हो गए थे।

### पहलवान सुशील कुमार को जमानत मिली

**नई दिल्ली** । दिल्ली हाईकोर्ट ने जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार को जमानत दे दी है। सुशील को 50,000 रुपये के जमानत बांड और इतनी ही राशि के दो जमानती पेश करने होंगे। सुशील कुमार पर अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को शहर के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में हरियाणा के रोहतक निवासी पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर संपत्ति विवाद को लेकर हमला करने का आरोप है। इस मामले में वह 2 जून, 2021 से ही न्यायिक हिरासत में है। उसे अपने पिता का अंतिम संस्कार करने और अपने लिगामेंट की सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत दी गयी है। सुशील और उसके साथियों के हमले में सागर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सुशील फरार था पर 18 दिनों बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में उतरते ही एक विश्व रिकार्ड बनाएगी भारतीय टीम

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरते ही एक विश्व रिकार्ड अपने नाम करेगी। इसी के साथ ही भारतीय टीम 14वां आईसीसी फाइनल खेलेगी। इस प्रकार वह 13 फाइनल खेलने के ऑस्ट्रेलिया के रिकार्ड को भी तोड़ देगी। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, टी20 विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलिया पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया ने कुल 13 आईसीसी इवेंट्स के फाइनल में प्रवेश किया




है, जबकि भारतीय टीम भी इतनी ही बार आईसीसी टूनामेंट के फाइनल में पहुंची है। हालांकि, भारतीय टीम सबसे पहले 14 आईसीसी टूनामेंट फाइनल खेलने वाली टीम बनेगी। भारतीय टीम 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेलेगी। ये किसी आईसीसी टूनामेंट में भारत का 14वां फाइनल होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जून में अपना 14वां आईसीसी फाइनल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में खेलेगी। तब उसे दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। वहीं फाइनल खेलने के मामले में तीसर नंबर पर इंग्लैंड की टीम है। उसने 9 बार फाइनल खेला है। वेस्टइंडीज ने 8 जबकि श्रीलंका ने 7 और पाकिस्तान ने केवल 6 बार फाइनल खेला है। ऑस्ट्रेलिया ने 8 वर्ल्ड कप के फाइनल, 2 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल और 2 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल खेले हैं। इसके अलावा टीम एक बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेल चुकी है और इस बार भी टीम फाइनल में है। वहीं, इंडिया ने वनडे वर्ल्ड कप में चार फाइनल, टी20 वर्ल्ड कप में 3 फाइनल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी के 4 फाइनल अब तक खेले हैं। पांचवीं बार भारत फाइनल में है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम :गंभीर

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर लगता है अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए हैं। गंभीर का मानना है कि टीम रविवार को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली के 84 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इससे पहले टीम ने तीनो लीग मुकाबले भी जीते थे। गंभीर ने मैच के बाद कहा, ह्यअंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कह सकते कि पूरी तरह से सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अभी तक हमने ऐसा नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ह्यअभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह सर्वश्रेष्ठ खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं। भारतीय टीम ने इस टूनामेंट में अबतक चार स्पिनरों को उतारा है। वहीं अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे कई साहसिक फैसले भी लिए हैं।

## फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ किया करार

एजेंसी

**मुम्बई** । 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 के लिए तैयारियों जोरों पर हैं। आईपीएल अब खेल के साथ ही बड़ा करोबार भी बना गया है। इसमें क्रिकेट के रोमांच के साथ ही तकनीक भी जुड़ गयी है। टीम के साथ ही मैदान में आने वाले दर्शकों को भी तेजी से भुगतान के लिए अच्छी सेवाएं मिलेंगी क्योंकि डिजिटल भुगतान की नामी कंपनी फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ करार किया है। यह साझेदारी सिर्फ ब्रांडिंग तक ही नहीं रहेगी। इसमें गति, सटीकता और उत्कृष्ट सेवा से पूरा ध्यान रहेगा। फियाटपे को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में तेज




और सुरक्षित ट्रांजैक्शन्स के लिए जाना जाता है। अब मुंबई इंडियंस के साथ मैदान के भीतर और बाहर भुगतान के मामले वह देखेगी। फियाटपे ने पूरे देश में डिजिटल भुगतान को सरल और सहज बना दिया है। कंपनी का मानना है कि कि हर लेन-देन आसान अनुभव बने, ठीक वैसे ही जैसे क्रिकेट में एक बेहतरीन स्ट्रोक बिना किसी परेशानी के बल्ले से निकलता है। मुंबई इंडियंस की गिनती आईपीएल की सबसे सफल टीमों में होती है। उनकी पहचान सिर्फ जीत से नहीं, बल्कि खेल की बारीकियों को समझने, रणनीतिक फैसले लेने और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने से है। यही मूल्य फियाटपे भी अपने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्रदान करता है। कंपनी का मानना है किजब मैदान पर मुंबई इंडियंस का कोई बल्लेबाज चौका या छक्का लगाता है, तो वह जितनी तेजी और सहजता से गेंद को बाउंड्री के पार भेजता है, फियाटपे उतनी ही गति और सटीकता से आपके पैसे के लेन-देन को पूरा करता है। फियाटपे को उम्मीद है कि इस करार से उसे काफी लाभ होगा क्योंकि पांच बार की विजेता मुम्बई इंडिया के प्रशंसकों की तादाद काफी बड़ी है।

## स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**दुबई** । ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया। स्मिथ की कप्तानी में ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरी थी। स्मिथ ने सेमीफाइनल में 73 रनों की अहम पारी खेली पर उनकी टीम के गेंदबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये।




एकदिवसीय प्रारुप में स्मिथ के करियर को देखते तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 मैचों में 5800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 164 रन का रहा। स्मिथ ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक पारियां खेलीं और दो बार एकदिवसीय विश्वप कप विजेता टीम का वह हिस्सा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय सफर रहा। मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में कई बेहतरीन यादें बनाई हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी 2027 एकदिवसीय विश्वकप की तैयारी करे। स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 30 एकदिवसीस मैचों में 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा। वहीं उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 40 मैचों में 1245 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं।

## वरुण वापसी के बाद मानसिक रुप से मजबूत : सूर्यकुमार

एजेंसी

**मुंबई** । भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर चर्चित वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा की है। सूर्यकुमार ने कहा कि खेल में वापसी के बाद वह अलग प्रकार के खिलाड़ी के तौर पर उभरे है। इसका कारण है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गये हैं। यही कारण है कि वह तनाव में नहीं दिखते। वरुण ने चैम्पियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए दोनो ही मैचों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए। सूर्या ने कहा कि जिस प्रकार से उसने वापसी की है। उसमें दो अलग-अलग वरुण



नजर आते हैं। अब वह पहले से अधिक मानसिक रुप से परिपक्व दिखता है। यही कारण है कि मैदान में कैसे भी हालात हों उसके चेहरे पर मुस्कान बनी रहती है। वह हर स्थिति को सहज रुप से लेता है। किसी भी खिलाड़ी के लिए ये सकारात्मक बात है।

वरुण को चैम्पियंस ट्रॉफी के शुरूआती 2 मैचों में अंतिम 11 में जगह नहीं मिली थी पर न्यूजीलैंड के खिलाफ किये प्रदर्शन से उनकी जगह पक्की हो गयी।

### राहुल को अब मिली राहत

**दुबई।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को चैम्पियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत के बाद अब राहत मिली है। राहुल ने इस मैच में तेज पारी खेलकर अपने दिन पर पड़ा बोझ भी हल्का कर लिया। इसका कारण ये है कि राहुल 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी धीमी पारी खेलने के कारण आलोचना का कारण बने थे। तब उन्हें टीम की हार के लिए जिम्मेदारी माना जा रहा था। उस मैच में राहुल की विकेटीपिंग भी अच्छी नहीं रही थी और धीमी बल्लेबाजी करते हुए 107 गेंदों पर केवल एक चौका लगाकर 66 रन बनाये थे। इसके 6 महीने के बाद राहुल ने माना था कि वह फाइनल में तेज पारी नहीं खेल पाए। तीभी से वह पछता रहे थे।

## स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन






**लोहरदगा।** स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू के स्मृति में लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन की शुरूआत स्वर्गीय बलदेव साहू स्टेडियम लोहरदगा में आज हुई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू लोहरदगा उपायुक्तवाघमारे प्रसाद कृष्णा ,लोहरदगा एसपी हरीश जी , महेश सिंह, अजय नाथ सहदेव और आयोजक व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू जी, हर्षित साहू, निशित जयसवाल एवं लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए कार्यक्रम की शुरूआत से पहले झंडातोलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुई इसके बाद अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वीप प्रज्वलित कर और सभी अतिथियों ने स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू जी के चित्र पर माल्यार्पण किए । सभी अतिथियों का स्वागत आयोजनकर्ता के द्वारा किया गया । इस टी 20 टूनार्मेंट में मुंबई, दिल्ली, उड़ीसा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश झारखंड तथा लोहरदगा टीम ने भाग लिया है 8 मार्च को टी 20 टूनार्मेंट का फाइनल खेला जाएगा इस फाइनल मैच में इंडिया टीम के पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। फिल्म अभिनेता एवं सांसद शत्रुघ्न सिन्हा स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट लोहरदगा में स्वर्गीय बलदेव साहू स्टेडियम में पहुंचे आयोजनकर्ता धीरज प्रसाद साहू ने बुके देकर स्वागत किया।

## शास्त्री ने श्रेयस को दिया बेस्ट फील्डर का अवार्ड

एजेंसी

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में शानदार फील्डिंग के लिए श्रेयस अय्यर को बेस्ट फील्डर का इनाम दिया। पिछले काफी अरसे से भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में बेस्ट फील्डर अवार्ड दिया जा रहा है। श्रेयस ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी के साथ ही फील्डिंग भी की। भारच के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने साल 2023 एकदिवसयी विश्वकप के दौरान बेस्ट फील्डर मेडल की परंपरा शुरू की थी। तब वह स्वयं विजेता का चयन करते



थे। दिलीप ने सेमीफाइनल में शानदार फील्डिंग के लिए अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, शुभमन गिल और विराट कोहली की तारीफ की पर अवॉर्ड के लिए अय्यर का चयन किया। इसका कारण है कि अय्यर ने 48वें ओवर की पहली ही गेंद पर शानदार बल्लेबाजी कर रहे एलेक्स कैरी को अपने सटीक थ्रो से रनआउट किया था। अय्यर के तेजी से फेंके गये इस सीधे थ्रो से मैच का रुख पलट गया।

कैरी ने इस मैच में छठे नंबर पर उतरने के बाद 57 गेंदों में ही 61 रन बना दिये थे जिसमें 8 चौके और एक छक्का शामिल था। अगर अय्यर ने उन्हें रनआउट नहीं किया होता तो ऑस्ट्रेलिया काफी बड़ा स्कोर बना लेता। बीसीसीआई के साझा किये गए वीडियो में शास्त्री ने सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## झारखंड कुश्ती टीम प्रतियोगिता के लिए पंजाब रवाना

**रांची** । 2025 सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप, पुरुष फ्रीस्टाइल/ ग्रीको रोमन एवं महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 08 से 09 मार्च 2025 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में आयोजित हो रहा है। उक्त नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड कुश्ती टीम के 19,सदस्यी जिसमें, 13 पुरुष पहलवान, 04 महिला पहलवान एवं 02 टीम प्रशिक्षक शामिल है। उक्त प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना होने से पहले झारखंड खेल विभाग के सहयोग द्वारा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, खेल किट देकर ,झारखंड सीनियर कुश्ती टीम को रवाना किया गया।



सीनियर फेडरेशन झारखंड राज्य कुश्ती टीम के सदस्यों को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष-श्री जीशान कमर,(भाप्रसे) , अभिभावक-के रवि कुमार,(भाप्रसे), खेल निदेशक झारखंड संदीप कुमार, (भाप्रसे), हमारे मार्गदर्शक-भोलानाथ सिंह, महासचिव-रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/ सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार तथा खेल विभाग के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## बार्सिलोना और बेनफिका के बीच रोमांचक मुकाबले की तैयारी

एजेंसी

**मैड्रिड।** स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना बुधवार को चैंपियंस लीग के अंतिम-16 के पहले चरण के मुकाबले के लिए लिस्बन में पुर्तगाली क्लब बेनफिका का सामना करेगा।

यह मैच ग्रुप चरण में हुई रोमांचक भिड़ंत के दो महीने बाद खेला जा रहा है, जिसमें बार्सिलोना ने शानदार वापसी करते हुए 5-4 से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में बार्सिलोना 3-1 और 4-2 से पीछे था, लेकिन अंतिम पलों में राफिन्हा के गोल ने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक की टीम जनवरी के अंत से जबरदस्त फॉर्म में है और वर्तमान में स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है। टीम के पास एटलेटिको मैड्रिड पर



चैंपियंस लीग

एक अंक और रियल मैड्रिड पर तीन अंकों की बढ़त है।

रविवार को बार्सिलोना ने रियल सोसिएदाद को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में 17वें मिनट में विपक्षी डिफेंडर एरिट्ज इलुस्टोंडो के रेड कार्ड के बाद बार्सिलोना ने आसानी से जीत हासिल की। इस दौरान फ्लिक ने पाउ कुबर्सी, पेड्री, राफिन्हा, डैनी ओल्मो और रोनाल्ड अराउजो को आराम दिया, जबकि डिफेंडर इनिगो मार्टिनेज पूरे मैच में बेंच पर रहे।

बुधवार के मुकाबले में पेड्री, राफिन्हा और डैनी ओल्मो की वापसी तय मानी जा रही है, जबकि फ्रेंकी डी जोंग के मिडफील्ड में मार्क कासाडो की जगह खेलने की संभावना है।

बेनफिका के कोच ब्रूनो लैगे को कई खिलाड़ियों की चोटों की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अलेक्जेंडर बाह, रेनेटो सांचेस, मनु सिल्वा और टियागो गोविया इस मुकाबले से बाहर हैं। इसके अलावा, अनुभवी विंगर एंजेल डि मारिया भी मांसपेशियों की चोट के कारण बाहर हो सकते हैं।

डि मारिया की गैरमौजूदगी बेनफिका के लिए एक बड़ा झटका होगी, क्योंकि उनकी तकनीकी क्षमता बार्सिलोना की हाई-प्रेसिंग और ऑफसाइड ट्रैप को भेदने में मदद कर सकती थी।

हालांकि पिछली बार की तरह इस मैच में दोनों टीमों से आक्रामक खेल की उम्मीद नहीं की जा रही है, लेकिन बेनफिका ने यह साबित किया है कि वह बार्सिलोना के खिलाफ गोल कर सकती है। वहीं, फ्लिक ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं करेंगे।

बार्सिलोना और बेनफिका के बीच यह मुकाबला फुटबॉल प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। दोनों टीमें अगले हफ्ते बार्सिलोना में होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेंगी।



इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलती हुई एलीना रायबकीना।

# रसोई में जरूर रखना चाहिए वास्तु नियमों का ध्यान

वास्तु शास्त्र को हिंदू धर्म में एक बेहद ही महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। अगर आप वास्तु के नियमों का पालन करते हैं तो आपके घर और आपके जीवन में सदा सुख समृद्धि बनी रहती है,लेकिन अगर आप इसके विपरित काम करते हैं तो आपको वास्तु दोष और उससे जुड़ी हानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। हमारा किचन यानि कि हमारी रसोई हमारे घर का एक मुख्य हिस्सा है, ऐसे में जानें वास्तु एक्सपर्ट से कि घर के रसोई में ऐसी कौन सी चीजें हैं जो भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए।

### जूठा खाना

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार, कभी भी अपने रसोई में जूठा या बासी खाना ज्यादा समय तक नहीं रखना चाहिए, ऐसा करना अशुभ होता है और इससे माता लक्ष्मी रूठ जाती है और आप के घर में आर्थिक संकट आ सकती है।





### टूटे बर्तन

वास्तु शास्त्र के अनुसार, टूटे हुए बर्तन नकारात्मकता का प्रतीक होते हैं, ऐसे में घर में कोई भी टूटा हुआ बर्तन, जैसे कि टूटा हुआ थाली, कटोरा, ग्लास कभी भी नहीं रखना चाहिए, ऐसे चीजें जैसे ही टूट जाए, वैसे ही आप फौरन घर से निकालकर बाहर फेक दें।

### खाली डब्बे

खाली डब्बे या खाली बोतलें नकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं, इसलिए ऐसी चीजों को रसोई में नहीं रखना चाहिए, आप थोड़ा सा ही सही लेकिन कुछ भी समान डब्बों में भर कर रखें और पानी को बोतलों को विशेष तौर पर कभी खाली न छोड़ें।

### नुकीली चीजें

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार आप अगर अपने किचन में कोई भी नुकीली चीज रखते हैं जैसे कि चाकू या कैंची तो सबसे पहले आप को उन्हें हमेशा ढंककर रखना चाहिए, उन्हें खुला रखने से आप के रसोई सहित आपके घर में नकारात्मकता फैलती है और साथ ही घर में धन की क्षति होती है।

# स्किन को जवां रखने के लिए खाएं फल

लंबी उम्र तक खूबसूरत और जवां भला कौन नहीं दिखना चाहता। तभी तो आज एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स की मार्केट में बहार आई हुई है। कुछ लोग तो दस-दस स्टेप्स का स्किनकेयर रूटीन फॉलो कर रहे हैं,ताकि लंबे समय तक उनकी स्किन हेल्दी, ग्लोइंग और रिंकल फ्री रहे। अब भले ही आप ऊपर से कितना भी स्किनकेयर क्यों ना कर लें,लेकिन जबतक आपका खानपान अच्छा नहीं है, तब तक स्किन पर वो बेदाग निखार देखने को नहीं मिलेगा।



**अगर आप जल्दी बूढ़ा नहीं दिखना चाहते हैं, तो कुछ एंटी एजिंग फूड्स को भी अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बता रहे हैं, जिनमें ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो एजिंग इफेक्ट को थोड़ा स्लो डाउन कर सकते हैं। आइए आज जानते हैं इन्हीं फलों के बारे में।**

### अनार को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा

पोषक तत्वों से भरपूर और खाने में स्वादिष्ट फल अनार को भी आपको अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बना लेना चाहिए। ये आपकी हेल्थ के साथ-साथ आपकी ब्यूटी के लिए भी काफी फायदेमंद है। दरअसल अनार में भरपूर मात्रा में पॉलीफेनोल्स और विटामिन सी मौजूद होते हैं, जो कॉलेजन के प्रोडक्शन को बूस्ट करता है। इससे स्किन की इलास्टिसिटी बरकार रहती है, साथ ही स्किन हाइड्रेट और ग्लोइंग भी बनी रहती है।

### स्ट्रॉबेरी भी है स्किन के लिए सुपरफूड

छोटी-छोटी टेस्टी स्ट्राबेरी भी आपकी स्किन के लिए बड़े-बड़े फायदे कर सकती है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है, जो स्किन को यूवी डैमेज से प्रोटेक्ट करने और कॉलेजन लेवल को बूस्ट करने में मदद करती है। स्ट्रॉबेरी खाने से चेहरे की स्किन ग्लोइंग होती है, साथ ही पिगमेंटेशन खत्म करने में भी ये काफी मददगार होती है।

### अमरूद रखेगा त्वचा को खूबसूरत और जवां

स्किन को खूबसूरत और लंबे समय तक जवां बनाने में अमरूद भी काफी फायदेमंद है। दरअसल अमरूद में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी और पोटैशियम मौजूद होते हैं; जो कॉलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देते हैं। इससे स्किन की बनावट और इलास्टिसिटी अच्छी बनी रहती है। रोज अमरूद खाने से इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट एजिंग इफेक्ट को स्लो डाउन करने का काम करते हैं, जिससे स्किन लंबे समय तक यंग बनी रहती है।



### ग्लोइंग स्किन के लिए खाएं ब्लूबेरी

स्किन पर दिखने वाले एजिंग के लक्षणों को स्लो डाउन करने में ब्लूबेरी भी काफी फायदेमंद है। इसमें अच्छी खासी मात्रा में विटामिन सी, विटामिन के और विटामिन बी 6 पाए जाते हैं; जो स्किन के साथ साथ ओवरऑल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। ब्लूबेरी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को फ्री रेडिकल डैमेज से बचाकर, एजेंग प्रॉसेस को स्लो डाउन करता है। जिससे स्किन हेल्दी, ग्लोइंग और रिंकल फ्री बनी रहती है।

### पपीता है हेल्दी और ग्लोइंग स्किन का राज

पपीता भी हमारी स्किन हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होता है। पपीते में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, विटामिन ए, सी, बी, के और ई जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं; जो स्किन के लिए काफी मैजिकल होते हैं। ये सभी स्किन के फ्री रेडिकल डैमेज से लड़ते हैं, जिससे एजिंग प्रॉसेस थोड़ा स्लो डाउन हो जाता है। स्किन की ड्राइनेस और झुर्रियों को कम करने में भी पपीता काफी फायदेमंद होता है।



# बालों में तेल लगाने के साथ चेहरे पर तेल लगाने के एक्सपर्ट की राय

**अपने बाल की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए और लंबे घने बाल पाने के लिए अधिकतर महिलाएं बालों में तेल लगाती है यही नहीं बोल में तेल लगाने के बाद कुछ महिलाएं ऐसी होती है, जो अपने चेहरे पर भी उसी तेल का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप भी ऐसा करती है, तो यह खबर आपके लिए है। क्या आप जानती हैं बाल के साथ-साथ चेहरे पर तेल लगाने से आपके चेहरे पर क्या असर पड़ता है? अगर नहीं तो आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से बताएंगे कि चेहरे पर तेल लगाना सही होता है या नहीं। आइए जानते हैं ब्यूटी एक्सपर्ट से।**

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय अपने चेहरे पर होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए अधिकतर महिलाएं अपने फेस पर तेल का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा करती है, तो आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की कुछ राय जरूर माननी चाहिए। ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार अगर आप भी अपने चेहरे पर तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपके चेहरे पर कुछ फायदे तो हो सकते हैं, लेकिन इसके कई नुकसान भी आपको देखने को मिल सकते हैं।



### चेहरे पर तेल लगाना सही या नहीं?

रोजाना आप भी अपने चेहरे पर तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपको कई स्किन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप एक हफ्ते में एक बार अपने चेहरे पर तेल लगा सकती है, लेकिन अगर आप रोजाना अपने चेहरे पर तेल लगाती हैं, तो इससे आपके चेहरे पर स्किन एलर्जी भी हो सकती है।

### चेहरे पर झुर्रियां

यही नहीं धीरे-धीरे आपकी स्किन ऑयली होने लगती है और कम उम्र में ही आपके चेहरे पर झुर्रियां आने लगती है। इन सभी परेशानियों से बचने के लिए आप अपने चेहरे पर तेल का कम इस्तेमाल करें । सबसे पहले स्किन के थोड़े हिस्से में पैच टेस्ट

# पानी सेहत के लिए लाभदायक



**पानी पीना सेहत के लिए अच्छा होता है। ये फैक्ट है जिसके बारे में सबको बताया गया है, लेकिन ये पानी कितना पीना चाहिए ये भी तो पता होना चाहिए। कोई कहता है 10 गिलास पानी पीना सही है, कोई कहता है 5 गिलास पानी पीने से सेहत सही रहती है, किसी के हिसाब से पानी लीटर के हिसाब से पीना चाहिए जैसे 2.5 लीटर पानी सही है। पर सर्दियों में कम और गर्मियों में ज्यादा पानी पिया जाता है। अब इसमें हमारा वजन भी मायने रखता है कि ज्यादा वजन वाले लोगों को ज्यादा और कम वजन वाले लोगों को कम पानी पीना चाहिए।**

### जरूरत से ज्यादा पानी पीने का असर

अगर आप जरूरत से ज्यादा पानी पीती हैं तो इसके कारण ब्लोटिंग की समस्या, पोली यूरिया, हाइपोनेट्रेमिया, स्वेलिंग और खराब मेटाबॉलिज्म जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। एक रिपोर्ट मानती है कि ब्रूस ली की मौत भी hyponatremia से हुई थी जो ज्यादा पानी पीने के कारण हुई बीमारी है।

### तो कितना पानी पीना चाहिए एक दिन में?

इसका जवाब सीधा सा है। पानी का अनुपात तय नहीं किया जा सकता है। ये अलग-अलग सीजन में अलग हो सकता है, अगर आपने फिजिकल एक्टिविटी की है तो ये ज्यादा हो सकता है, अगर मेंटल स्ट्रेस है तो भी इसका असर बदल सकता है। इसलिए हमें ये नहीं सोचना चाहिए कि ज्यादा पानी या कम पानी कितना पिया जाए। पानी आपको कम या ज्यादा पीना है इसका पता आप अपनी यूरिन से लगा सकती हैं। ये सुनने में अजीब जरूर लगेगा, लेकिन ये तरीका सबसे ज्यादा सही है . दरअसल, आपकी यूरिन अगर ज्यादा स्मेल कर रही है, ज्यादा पीली दिख रही है तो पानी ज्यादा पिएं।

# विमेंस डे पर ट्राई करें ये कट आउट बॉडीकॉन ड्रेस

## दिखेंगी खूबसूरत



अगर आप कॉलेज या ऑफिस जाती हैं और इस साल विमेंस डे पर कुछ यूनिक आउटफिट ट्राई करना चाहती हैं, तो अब आपको कपड़ों को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे कट आउट बॉडीकॉन ड्रेस के बारे में बताएंगे, जिसे ट्राई कर आप भी सभी लोगों के बीच अपना जलवा बिखेर सकती है। यही नहीं इन कट आउट बॉडीकॉन ड्रेस में आपको देखकर हर कोई आपकी तारीफ करने लगेगा। आइए जानते हैं इन ड्रेसेस के बारे में।

### हाई नेक कट-आउट बॉडीकॉन

अपनी खूबसूरती में रंग भरने के लिए और फैशन की दुनिया में सबसे यूनिक दिखाने के लिए आप इस साल वीमेंस डे पर यह खूबसूरत हाई नेक कट-आउट बॉडीकॉन ड्रेस भी पहन सकती हैं। इसमें आप बेहद कमल लगेगी और हर महिला आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगी। आप इस ड्रेस को ऑनलाइन खरीद सकती हैं। आप चाहें तो इस ड्रेस को ऑफलाइन भी देख सकती हैं।

### कमर कट आउट वी-नेक बॉडीकॉन ड्रेस

अगर आप एक जैसे कपड़े पहनकर बोर हो गई हैं और अब कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो आप ये कमर कट आउट वी-नेक बॉडीकॉन ड्रेस ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस के साथ आप ब्लैक कलर की हाई हील्स भी अपने इस आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं। आप इस ड्रेस को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। ऑनलाइन यह ड्रेस आपको आसानी से मिल जाएगी।


### ट्विस्ट फ्रंट कट-आउट ड्रेस

अगर आप इस साल विमेंस डे पर व्हाइट कलर के आउटफिट पहनना चाहती हैं, तो व्हाइट कलर की ट्विस्ट फ्रंट कट-आउट ड्रेस आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इसे पहनकर अपने ऑफिस या फिर अपने कॉलेज में जलवा बिखेर सकती हैं। आप चाहें तो इस ड्रेस के साथ अपने हाथों में हैंडबैग और व्हाइ कलर की हाई हील्स कैरी कर सकती हैं।

### कट-आउट डिटेल बॉडीकॉन ड्रेस

अगर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती है और कुछ यूनिक ट्राई करना चाहती हैं, तो आपके लिए ब्लैक कलर की ये कट-आउट डिटेल बॉडीकॉन ड्रेस परफेक्ट ऑप्शन हो सकती है। इस ड्रेस के साथ आप अपनी पसंद की हेयर स्टाइल या फिर ओपन हेयर भी रख सकती हैं।

# इफ्तार में सबसे पहले क्यों खाए जाते हैं खजूर



रमजान के पाक महीने की शुरुआत 2 फरवरी से हो चुकी है। इस्लाम धर्म के लिए यह महीना बेहद खास होता है। कई लोग इस महीने में रोजा रखते हैं। रोजेदार सूर्योदय से सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं और इफ्तार के समय रोजा खोलते हैं। इफ्तार की शुरुआत अक्सर खजूर से की जाती है यह परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि इसके पीछे कई स्वास्थ्य से जुड़े कारण भी हैं। आइए जानते हैं कि रोजा खोलने के लिए सबसे पहले खजूर क्यों खाया जाता है ?

### भूख को कंट्रोल करता है

खजूर में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और भूख को कंट्रोल करता है, जिससे इफ्तार के समय खाना खाने से बचा जा सकता है। रोजे के दौरान शरीर लंबे समय तक बिना खाने और पानी के रहता है, जिससे शरीर में ग्लूकोज की मात्रा कम हो जाती है। खजूर नेचुरल शुगर (फ्रुक्टोज और ग्लूकोज) का एक बेहतरीन सोर्स है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देता है। यह शरीर के ब्लड शुगर लेवल को बैलेंस करने में मदद करता है और थकान को दूर करता है।

### खजूर खाने के फायदे

एनर्जी का सोर्स- खजूर में नेचुरल शुगर होती है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देती है। यह रोजेदारों के लिए खासतौर से फायदेमंद है, क्योंकि लंबे समय तक भूखे रहने के बाद शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है।

पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद- खजूर में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। यह कब्ज को रोकने में मदद करता है और पेट की समस्याओं से बचाता है।

विटामिन और मिनरल्स से भरपूर- खजूर में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉपर, मैंगनीज और विटामिन-बी6 जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये शरीर को बेहतर तरीके से फंक्शन करने में मदद करते हैं।

दिल के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक- खजूर में मौजूद पोटैशियम दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

एंटीऑक्सीडेंट- खजूर में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। यह शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है।

हड्डियों के लिए फायदेमंद- खजूर में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव करता है।

# हेल्दी हार्ट के लिए करें योगासन

दिल हमारे शरीर का सबसे अहम अंग होता है, जो पूरे शरीर में खून पहुंचाने में मदद करता है। इसके अलावा हार्ट कई सारे जरूरी काम करता है और इसलिए अपने दिल का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है। इन दिनों दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में हेल्दी डाइट के साथ-साथ दिल को दुरुस्त रखने के लिए फिजिकली एक्टिव रहना भी बेहद जरूरी है। इसलिए आप कुछ योगासनों की मदद से खुद को फिजिकली एक्टिव और अपने दिल को हेल्दी रख सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही आसान योगासनों के बारे में, जिन्हें आप आसानी से घर पर ही कर सकते हैं।

**ताड़ासन :-** अपने दिल को हेल्दी बनाने के लिए आप ताड़ासन कर सकते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और डीप ब्रीदिंग को बढ़ावा देता है, जिससे हार्ट बीट और ऑक्सीजन का फ्लो कंट्रोल करने, तनाव को कम करने और पूरे हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देने में मदद करता है। साथ ही यह पोश्चर सही करने में भी मददगार है।



**अधोमुख श्वानासन:-** अधोमुख श्वानासन ब्लड फ्लो को बढ़ाता है, रीढ़ और हैमस्ट्रिंग को फैलाता है और ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करता है। इस आसन को करने से शरीर के लचीलेपन में सुधार आता है, जिससे दिल पर दबाव कम होता है और दिल हेल्दी बनता है।

**त्रिकोणासन:-** यह साइड-स्ट्रेचिंग आसन ब्लड फ्लो को बढ़ाकर, स्टीफनेस को कम करता है और छाती को खोलता है, जिससे हार्ट फंक्शनिंग में सुधार होता है। इससे दिल मजबूत होता है और पूरे लचीलेपन को बढ़ावा मिलता है।

**भुजंगासन:-** भुजंगासन, जिसे कोबरा आसन भी कहते हैं, दिल को हेल्दी बनाने वाला एक जरूरी आसन है। यह आसन दिल को खोलता है और हार्ट फंक्शनिंग को बेहतर करता है, जिससे बेहतर सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही यह पीठ की मांसपेशियों को भी मजबूत करता है, फेफड़ों की क्षमता में सुधार करता है और हार्ट डिजीज के खतरे को कम करता है।



**उष्ट्रासन:-** उष्ट्रासन यानी कैमल पोज छाती को चौड़ा करता है, फेफड़ों की फंक्शनिंग में सुधार करता है और तनाव को भी कम करता है। इसे रोजाना करने से ब्ल फ्लो बेहतर होता है और दिल की सेहत को बढ़ावा मिलता है।



# बुर्का पहनने को उकसाया तो ट्रोल हुईं सना खान



लंबे वक्त तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहीं सना खान और बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट संभावना सेठ ने हाल ही एक कोलैब वीडियो बनाया जो काफी देखा गया। सना खान को इस वीडियो की एक क्लिप की वजह से सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है।

वीडियो के इस खास हिस्से में सना खान अपनी दोस्त संभावना सेठ को बार-बार दुपट्टा और बुर्का पहनने के लिए कह रही हैं। वीडियो का यही क्लिप फैन पेजों पर रीशेयर किया जा रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स ऐसा करने के लिए सना खान को काफी ट्रोल कर रहे हैं। जब संभावना सेठ अपनी दोस्त से कहती हैं कि वह यही आउटफिट पहनेंगी तो वीडियो में सना खान अपनी दोस्त संभावना सेठ से कहती नजर आ रही हैं कि, ₹तेरे पास एक अच्छी सलवार कमीज नहीं है... थप्पड़ चाहिए? तुम्हारा दुपट्टा कहां है? बुरका लाओ.... संभावना को बुरका पहनाओ।₹ संभावना सेठ ने इस दौरान कैमरा सना खान की ओर घुमाते हुए बोलीं, मैंने यह नया पहना है। बार-बार सना खान के बुरका पहनने की जिद करने पर संभावना बोलीं- आई असलियत पर। आई यह असलियत पर। कैमरा अपनी तरफ देखकर सना खान चुप हो जाती हैं और मुंह फेर लेती हैं। संभावना सेठ सफाई देते हुए सना खान से कहती हैं, ₹मैं कान के अच्छे पहनूंगी सना।₹ इस पर भी सना उन्हें घेरती हैं और बोलती हैं, ₹वाओ, कान के अच्छे पहनेंगी। रमजान में ना दुपट्टा ना सलवार।₹ संभावना सेठ वीडियो में आगे उन्हें बताती हैं कि मेरा वजन इतना बढ़ गया है कि मेरे कोई कपड़े मुझे फिट नहीं आ रहे हैं। लोग इस बात पर फोकस करेंगे कि हम क्या बोलते हैं, ना कि इस बात पर कि हमने क्या पहना हुआ है।



# विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया का ब्रेकअप पक्का?

बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा और साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की जोड़ी फैंस के दिलों में जगह बना चुकी थी जब उनके अलग होने की खबरें आने लगीं। इंडस्ट्री का यह पावर कपल बीते 2 सालों से एक दूसरे को डेट कर रहा है।

कई मौकों पर दोनों को साथ में स्पॉट किया जा चुका है लेकिन अब बीते कुछ हफ्तों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि दोनों ने अपने रास्ते अलग करने का फैसला कर लिया है। कभी तमन्ना तो कभी विजय वर्मा की पोस्ट के आधार पर ऐसे कयास लगाए जाने लगे, और अब फैंस को इस दिशा में सोचने की एक और वजह मिल गई है। दरअसल विजय वर्मा और तमन्ना ने अपने इंस्टा अकाउंट से एक दूसरे की तस्वीरें हटा दी हैं। जी हां, दोनों ही स्टार्स ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक दूसरे की तस्वीरें हटा दी हैं, सिवाए उन तस्वीरों या वीडियोज के जिन्हें प्रमोशन या किसी प्रोजेक्ट की वजह से पोस्ट किया गया था। तमन्ना और विजय वर्मा के ऐसा किए जाने की क्या वजह रही? इस सवाल का जवाब तो अभी तक नहीं मिल सका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुछ हफ्ते पहले दोनों ने अलग होने का फैसला किया है, लेकिन यह कपल बतौर दोस्त एक दूसरे के साथ बना रहेगा। हालांकि अभी दोनों में से किसी ने भी इस ब्रेकअप की पुष्टि नहीं की है। जहां तक दोनों के अलग होने की बात है तो इसके पीछे वजह दोनों का बिजी शेड्यूल बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पेजों पर दोनों का एक दूसरे को वक्त नहीं दे पाना और रिश्ते को आगे नहीं बढ़ा पाना वजह बताया जा रहा है। दोनों का रिश्ता साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 के दौरान चर्चा में आया था। कपल ने इस फिल्म में साथ काम किया था और इसी के बाद दोनों के एक दूसरे को डेट करने की खबरें सबसे पहले सामने आई थीं। इस जोड़ी ने कभी भी अपने रिश्ते को सीक्रेट नहीं रखा और खुलकर इस बारे में बात की।

विराट कोहली का विकेट जाने पर अनुष्का शर्मा का रिएक्शन पिछले दिनों चर्चा में रहा था। लेकिन अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच में विराट कोहली ने जो कमाल किया, उसने अनुष्का शर्मा समेत पूरे देश का दिल जीत लिया। चैम्पियन्स ट्रॉफी 2025 का सेमी फाइनल मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया और इसमें हिन्दुस्तानी खेमे के लिए ट्रैविस हेड एक बड़ी चुनौती थे। लेकिन जैसे ही उनका विकेट गया, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की खुशी का ठिकाना नहीं था।

# कोहली और अनुष्का शर्मा ने साथ में मनाया जश्न



वरुण चक्रवर्ती की बॉल पर शुभमन गिल ने ट्रैविस हेड का कैच लपका था, लेकिन इंटरनेट पर वायरल हो गया विराट कोहली का सेलिब्रेशन स्टाइल। विराट कोहली के साथ-साथ कैमरा अनुष्का शर्मा की तरफ भी घूमा। जो कुर्सी से उठकर अपने पति विराट कोहली के लिए तालियां बजा रही थीं। व्हाइट टीशर्ट और डेनिम जींस में काला चश्मा लगाए अनुष्का शर्मा की क्लिप भी विराट कोहली के साथ-साथ सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। अनुष्का शर्मा स्टैंड्स में विराट कोहली के भाई के साथ बैठी हुई थीं। एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्रैविस हेड का विकेट जाने के बारे में X पोस्ट में लिखा- फाइनली पूजा सफल हो गई। वहीं दूसरे ने लिखा- विराट और अनुष्का ने साथ में ट्रैविस का विकेट जाने का जश्न मनाया है। बता दें कि न्यूजीलैंड के साथ मैच में विराट कोहली सिर्फ 11 रन बनाकर चलते बने थे और इस पर अनुष्का शर्मा का रिएक्शन इंटरनेट पर चर्चा का विषय रहा था। विराट का विकेट जाने पर अनुष्का ने अपने माथे पर हाथ रख लिया था। मालूम हो कि विराट का विकेट जाने के लिए लंबे वक्त से फैंस अनुष्का को ट्रोल करते रहे हैं।

# रवीना टंडन ने पैपराजी को गिफ्ट किए अपने सोने के इयररिंग्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अपनी दरियादिली और नेक दिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस का दिल छू लिया। मुंबई एयरपोर्ट पर रवीना अपनी बेटी राशा के साथ नजर आईं, जहां पैपराजी के साथ उनकी बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी सोने की इयररिंग्स उन्हें गिफ्ट कर दीं। यह खूबसूरत वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रवीना टंडन की इस दरियादिली फैंस तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस पैपराजी से बातचीत करती नजर आ रही हैं। बाद में वो पूछती हैं कौनसा इयररिंग्स अच्छा लगा और अपने कान से उतार कर पैपराजी को पकड़ा कर चली जाती हैं। ये वीडियो पसंद किया जा रहा है। इससे पहले भी रवीना ने अपनी शादी के सोने के कंगन एक सामूहिक विवाह में दान किए थे, जो उनकी दरियादिली दिखा रहा है। रवीना की इन दोनों दान की घटनाओं ने फैंस का दिल जीत लिया है। रवीना टंडन बॉलीवुड की ऐसी एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अपने सामाजिक कार्यों और दान पुण्य को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस का करियर भी काफी दिलचस्प है। वह अभी भी अपनी फिल्मों के लिए काम कर रही हैं और अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन और स्टाइल के मामले में भी आगे रहती हैं। रवीना टंडन के फैंस को उनके अगले प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। एक्ट्रेस वेलकम टू जंगल फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में रवीना के अक्षय कुमार, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, जॉनी लीवर जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म की कहानी एक शानदार एडवेंचर पर आधारित होगी। रवीना का इस फिल्म में एकदम नए किरदार में दिखेंगी। फिल्म इस साल के अंत यानी दिसंबर में रिलीज होगी।

# कार्तिक आर्यन के फैमिली फंक्शन में शामिल हुईं एक्ट्रेस श्रीलीला

कार्तिक आर्यन और श्रीलीला जल्द अनुराग बसु के डायरेक्शन में बन रही रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फिल्म का इंतजार हो रहा है।





इस फिल्म में कार्तिक आर्यन एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ रोमांस करते दिखेंगे। अब दोनों की ये ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ऑफ स्क्रीन भी नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें श्रीलीला कार्तिक आर्यन के फैमिली फंक्शन में डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्टर उन्हें अपने फोन के कैमरे में रिकॉर्ड कर रहे हैं। दरअसल, कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका तिवारी के मेडिकल करियर में सफलता मिलने पर छोटा फंक्शन का आयोजन किया गया था। इस फंक्शन में श्रीलीला एक्टर के साथ शामिल हुईं। वीडियो में श्रीलीला पुष्पा 2 के गाने ₹किस्सिक₹ का हुक स्टेप भी करती हैं, लेकिन जैसे ही पार्टी में ₹मस्त कलंदर₹ बजता है, वह हंसी में रुक जाती हैं और क्यूट तरीके से साइड हो जाती हैं। यह पल देख कर कार्तिक भी हंसते हुए नजर आते हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद दोनों के अफेयर की खबरें तेज हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, 'श्रीलीला कार्तिक के घर तक पहुंच गई हैं, मतलब उनकी मम्मी को लड़की पसंद है', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कार्तिक को इतना शरमाते हुए नहीं देखा है', एक और यूजर ने लिखा, 'अशिक अपनी आशिकी के साथ।'

बता दें, कार्तिक और श्रीलीला की फिल्म इस दीवाली 2025 में थिएटर पर दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में एक्टर एक रॉकस्टार के किरदार में दिखेंगे।

हाल में टीजर सामने आया था जिसमें एक्टर के लुक्स की खूब चर्चाएं हुईं। उन्हें बढ़ी हुई दाढ़ी में देखा गया था। इस फिल्म में एक्टर एक आशिक बने नजर आएंगे।

# ऋतिक रोशन को डांस में टक्कर देंगे जूनियर एनटीआर



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को अयान मुखर्जी की फिल्म वॉर 2 में देखने का इंतजार हो रहा है। हाल में ऋतिक ने खुलासा किया था कि फिल्म में उनके और जूनियर एनटीआर के बीच एक जबरदस्त डांस-ऑफ शूट होने वाला है।

इस डांस-ऑफ में दोनों लीड एक्टर्स एक दूसरे को टक्कर देते दिखेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये डांस-ऑफ का आईडिया डायरेक्टर अयान का नहीं बल्कि प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा का था। दोनों एक्टर्स के बीच एक डांस-ऑफ होना फिल्म देखने वाली ऑडियंस के लिए बड़ा सरप्राइज है। ऋतिक और जूनियर NTR का डांस-ऑफ आज यानी 4 मार्च 2025 से यशराज स्टूडियोज, अंधेरी में शूट किया जाएगा। यह सीन वॉर 2 के क्लाइमेक्स का हिस्सा बताया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस डांस-ऑफ का आइडिया फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा का था, जिन्हें लगा कि दोनों सुपरस्टार्स के बीच डांस मुकाबला फिल्म का सबसे बड़ा हाइलाइट बन सकता है। इसके बाद अदीत्य और अयान ने इस सीन को कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस के साथ मिलकर तैयार किया। खास बात ये है कि दोनों ही एक्टर्स अपनी एक्टिंग के साथ डांस के लिए भी मशहूर हैं। ऋतिक अपनी लगभग हर फिल्म में एक डांस नंबर जरुर रखते हैं। वहीं जूनियर एनटीआर को नाटू-नाटू गाने में डांस करते हुए दुनिया ने देखा है। ऐसे में कौन डांस स्मूथ मूव्स करने में किससे आगे निकलता है ये देखना मजेदार होगा।


# मीना कुमारी को पीटते थे पति कमाल अमरोही के सेक्रेटरी

हिंदी फिल्मों की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी सिर्फ अपनी अदाकारी के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी के उतार-चढ़ाव के लिए भी जानी जाती थीं। उनकी आंखों में बसा दर्द और एक्टिंग की गहराई ऑडियंस को हैरान कर देती थी, लेकिन उनकी असल जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मीना कुमारी प्यार और अपनेपन के लिए तरसती रही। अंत में उन्होंने शराब को अपना सराहा बनाया और आखिरी दम तक साथ न छोड़ा।



नरगिस दत्त ने अपने एक लेटर में मीना कुमारी की दर्द भरी जिंदगी पर खुलासे किए थे। मीना कुमारी ने मशहूर फिल्ममेकर कमाल अमरोही से शादी की थी। लेकिन यह रिश्ता जितना खूबसूरत दिखता था, उतना ही दर्दभरा भी था। कहा जाता है कि कमाल अमरोही के सेक्रेटरी बकर उनके साथ बुरा व्यवहार करते थे, यहां तक कि उन पर हाथ भी उठाते थे। जब मीना ने इस बारे में अपने पति को बताया, तो उन्हें उम्मीद थी कि वे उनका पक्ष लेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मीना के धैर्य की परीक्षा तब पूरी हो गई जब उन्हें एहसास हुआ कि इस रिश्ते में अब उनके लिए कोई इज्जत नहीं बची। मीना कुमारी की करीबी दोस्त और गुजरे जमाने की मशहूर एक्ट्रेसो नरगिस दत्त ने अपने एक लेटर में इस दर्दनाक सच्चाई का जिक्र किया था। नरगिस ने बताया कि एक बार जब वे मद्रास में शूटिंग कर रही थीं, तब उन्होंने मीना को होटल के बगीचे में घबराए हुए देखा।


पहले मीना ने कहा कि यह सिर्फ तंबाकू का असर है, लेकिन जब नरगिस ने अपने कमरे से कुछ आवाजें सुनीं, तो उन्हें मीना की तकलीफ का अहसास हुआ। बाद में जब उन्होंने बकर से सवाल किया, तो उनका जवाब हैरान करने वाला था, "जब सही समय आएगा, हम उसे आराम देंगे।"मीना कुमारी ने आखिरकार खुद को इस अपमानजनक रिश्ते से अलग करने का फैसला कर लिया। वे कमाल अमरोही का घर छोड़कर एक्टर महमूद के घर रहने लगीं। जब नरगिस उनसे हॉस्पिटल मिलने गईं, तो उन्होंने मीना से पूछा, "अब तुम आजाद हो, लेकिन ऐसी आज़ादी का क्या फायदा, अगर तुम खुद को ही खत्म करने पर उतारू हो?" इस पर मीना का जवाब था, "बाजी मेरे धैर्य की भी एक सीमा थी।



जब कमाल साहब के सेक्रेटरी ने मुझ पर हाथ उठाया, तो मुझे लगा था कि कमाल साहब गुस्से में आकर कुछ बड़ा कदम उठाएंगे, लेकिन उन्होंने बस इतना कहा, 'घर लौट आओ, मैं सब ठीक कर दूंगा।' लेकिन अब मैं खुद ही फैसला कर चुकी थी कि मैं कभी वापस नहीं जाऊंगी।"

# दीपिका चिखलिया को नहीं है फिल्म 'रामायण' में कोई दिलचस्पी

रामायण' पर फिल्म बन रही है। ये फिल्म नितेश तिवारी बना रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, भगवान राम और यश, रावण का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऐसे में रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता माता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया से पूछा गया कि क्या वह इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं? आइए बताते हैं कि दीपिका ने क्या कहा।



दीपिका ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में कहा, "मेरे भाई ने एक बार कहा था, आप सीता के रूप में जानी जाती हैं और आपको सीता के रूप में ही मरना चाहिए।"दीपिका ने आगे कहा, "मुझे ये बात समझ आ गई है कि लोग मुझे सीता के तौर पर जानते हैं और रामानंद सागर की 'रामायण' जितनी लोकप्रिय हुई थी उतनी कोई 'रामायण' लोकप्रिय नहीं हो सकती। फिर मैं अपनी इमेज के साथ छेड़छाड़ क्यों करूं? मैं सीता हूं, मैंने इसे बात को मान लिया है। 35 सालों से मैंने सीता होने की जिम्मेदारी निभाई है, फिर मैं कुछ और बनने की कोशिश क्यों करूं।"दीपिका ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, "मेरे पास एक बड़े प्रोडक्शन हाउस से कॉल आया था और वे मेरे हाथ में सिगरेट देखना चाहते थे। मैंने मना कर दिया। कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग मुझसे ऐसा कुछ करने की उम्मीद रख कैसे लेते हैं?"

# म्युज़िक वीडियो "हमारा कॉलेज में जाना" सक्सेज पार्टी आयोजित

90 के दशक की मेलोडी को आज भी सबसे ज्यादा सुना जाता है। उसी ज़माने के गीत संगीत और बातों की याद को ताजा करने वाला म्युज़िक वीडियो "हमारा कॉलेज में जाना₹ रेड रिबन म्युज़िक कंपनी से रिलीज़ होकर काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस गीत की सफलता का जश्न मुम्बई के जुहू स्थित हयात सेंट्रिक होटल में मनाया गया जहां पद्मश्री अनूप जलोटा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस म्युज़िक वीडियो की गीतकार और निर्मात्री मीती बग्गा, गायिका और संगीतकार सुजाता त्रिवेदी, वीडियो निर्देशक विवेक प्रकाश हैं जबकि द्रक्षा शर्मा और अर्नव शर्मा ने इस वीडियो में फीचर किया है। बता दें कि मीती बग्गा एक प्रसिद्ध फ़ैशन डिज़ाइनर हैं लेकिन उनकी क़लम भी अब जादू बिखेर रही है। बतौर लिरिक्स राइटर उनके कुछ गाने पहले भी आ चुके हैं मगर ये वाला गाना अपने आप में एक ख़ास तरह की ख़ुशबू और रोमांस से भरपूर है। इस कार्यक्रम में म्युज़िक वीडियो की मेकिंग भी दिखाई गई। अल्बम के बारे में क्विज किया गया जो काफी रोचक रहा। म्युज़िक वीडियो को दो बार स्क्रीन पर दर्शाया गया जिसे सभी ने सराहा और पवित्र प्रेम व जादुई संगीत में दर्शक खो गए। रेड रिबन की एमडी लालित्य मुन्शा ने पुष्पगुच्छ देकर अनूप जलोटा का सत्कार किया वहीं इस अवसर पर अनूप जलोटा ने मीती बग्गा सहित पूरी टीम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बिग बॉस 12 फेम गायक दीपक ठाकुर, रोली प्रकाश की भी विशेष उपस्थिति रही।



# तिलपता में चला प्राधिकरण का बुल्डोजर, 22 करोड़ की जमीन से हटाया अतिक्रमण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम तिलपता करनवास में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने

## 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल करते हुए प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को तिलपता करनवास में कार्रवाई की है। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के ग्राम तिलपता करनवास के खसरा संख्या 4





व 5 प्रतिशत की लगभग 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अर्बन सिटी के नाम से अवैध कालोनी काटी जा रही थी। प्राधिकरण की तरफ से कई बार इस पर रोक लगाई गई, लेकिन कालोनाजर चोरी-छिपे निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे।

बुधवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, एसडीएम जितेंद्र गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव, वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश कुमार निम, वर्क सर्किल-1 के प्रभारी रतिक, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, बृजेन्द्र कुशवाहा व नितीश कुमार, सहायक प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य स्टाफ के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान डीसीपी पुलिस शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी बीएस वीर कुमार, सूरजपुर पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र शाहू अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्राधिकरण की टीम ने 08 जेसीबी और 4 डंपर की मदद से दो घंटे में कार्रवाई संपन्न की। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 22 करोड़ रुपये से अधिक होने का आकलन है।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने चेताया है कि तिलपता करनवास ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढी कमाई न फंसाएं।

# कोर्ट के सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए मौका

**गौतमबुद्धनगर ( सूवि. )।** जनपद गौतमबुद्धनगर न्यायालय में 42 पदों पर नियुक्ति के लिएआवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों पर इन पदों को भरा जाएगा।

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर न्यायालय में वरिष्ठ सहायक के कुल 22 पद एवं कनिष्ठ सहायक के 21 पद रिक्त हैं। न्यायालयों में कार्यरत कर्मचारी की संख्या अपर्याप्त है एवं कार्य में कठिनाई को देखते हुए जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत्त कर्मचारी, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, को अस्थायी रूप से पुनः नियुक्ति पर्याप्त रिक्त पदों के भरने तक अथवा पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से जिस पर पुनः नियुक्ति की गई है या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, के लिए आवेदन पत्र 25 मार्च 2025 तक आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवेदन प्रारूप संख्या-1 के साथ घोषणा पत्र (प्रारूप-2) में देना अनिवार्य होगा। उक्त आवेदन प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय गौतमबुद्धनगर में मूल रूप में स्वीकार होंगे।

# ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना की जाए : डीएम

**गौतमबुद्धनगर ( सूवि. )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का सम्मान करते हुये पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।



ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर सतीश कुमार द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों को स्माईल आनलाईन पोर्टल पर आई.डी. एवं प्रमाण पत्र आनलाईन करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही कहा गया कि सबसे ज्यादा आईडी व प्रमाण पत्र जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा ही किया गया हैं।

उक्त गोष्ठी में रामकली बसेरा सामाजिक संस्थान एनजीओ द्वारा ट्रांसजेन्डर व्यक्तियों की समस्या से गोष्ठी में उपस्थित समस्त जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया गया कि किस प्रकार से समाज हमें कोई स्थान नहीं देता, समाज का दृष्टिकोण हीनभावना से ग्रस्त हैं। रामकली ने कहा कि कुछ लोग अभी तक ट्रांसजेन्डर और किन्नर समाज में अन्तर नहीं जानते हैं, जिसके बारे में उन्होने विस्तार से अवगत कराया। उनके अनुसार ट्रांसजेन्डर समुदाय या किन्नर समाज दोनों ही समाज में सम्मान के पात्र हैं, उन्हें दान नहीं चाहिए, उन्हें कम्पनियों, फैक्ट्रियों में योग्यता के आधार पर कार्य चाहिए। समाज ने अभी तक ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों को अपनाया नहीं हैं जब तक समाज का दृष्टिकोण नहीं बदलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

रामकली बसेरा सामाजिक संस्थान द्वारा जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले ट्रांसजेन्डर समुदायों के व्यक्तियों की समस्त समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा अपना मंतव्य व्यक्त किया साथ में शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग से कहा कि वे भी ट्रांसजेन्डर समुदायों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन अपने स्तर से भी करें।

जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग को आग्रह किया गया कि वह ट्रांसजेन्डर सुरक्षा सेल की स्थापना के लिए उचित स्थान का चुनाव कर स्थापित करने की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों को अवगत कराया कि वे नौकरी पाने के लिये टेक्निकल लाईन या हाथ की कारीगरी वाले कार्यों में निपुणता हासिल करें जिससे नौकरी पाने में आसानी हो सके।

कार्यक्रम में एडीसीपी मुख्यालय हृदेश कठारिया, एसीपी पुलिस वर्णिका सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रियंका चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर ट्रांसजेन्डर सुरक्षा सेल नीरज, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ चंदन सोनी, मनोवैज्ञानिक चिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र तनुज गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी जेवर, अधिशासी अधिकारी जहाँगीरपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दादरी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आदिवासी युवाओं ने भारत की विरासत व विकास को करीब से देखा

**गौतमबुद्धनगर ( सूवि. )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 16वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आदिवासी बहुल जिलों- बस्तर, बीजापुर, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़, सुकमा और कालाहांडी से आए 120 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का प्रेरणादायक भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक विकास, तकनीकी नवाचार और राष्ट्रीय एकता के महत्व से परिचित कराना है।

इस दौरान युवाओं ने लाल किला, इंडिया गेट और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत के स्वाधीनता संग्राम, राष्ट्र-निर्माण और आधुनिक विकास की गाथा को करीब से देखा। प्रधानमंत्री संग्रहालय में भारत



के सभी प्रधानमंत्रियों की योगदान गाथा और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से भविष्य की दिशा को समझने का अवसर मिला।

इंडिया गेट पर उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिससे उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना और प्रबल हुई। दिल्ली भ्रमण के दौरान पहली बार दिल्ली मेट्रो में सफर करना भी उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव रहा।

इस अनुभव से प्रभावित युवाओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे अनमोल सीखों में से एक है। एक प्रतिभागी ने कहा कि हमने भारत की महान विरासत और भविष्य की संभावनाओं को पहली बार इतने करीब से देखा। यह हमारे लिए सिर्फ एक भ्रमण नहीं, बल्कि एक नई दिशा दिखाने वाला अनुभव है।

इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह, बागपत के उपनिदेशक अरुण कुमार तिवारी, गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेंद्र सिंह और बुलंदशहर के जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित द्वारा किया जा रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में सामुदायिक केन्द्रों का संचालन करे आरडब्ल्यूए : डीडीआडब्ल्यूए

## ग्रेनो के सीईओ से मिले फेडरेशन के सदस्य

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों में बने सामुदायिक केन्द्रों का संचालन आरडब्ल्यूए के हाथों में सौंपा जाए साथ ही ग्रेटर नोएडा में मकान की खरीद-फरोख्त और कम्पलीशन सर्टिफिकेट देने में आरडब्ल्यूए की एनओसी सर्टिफिकेट जरूरी किया जाए।

ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों की समस्याओं को डीडीआडब्ल्यूए फेडरेशन गौतमबुद्धनगर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के सामने उठाया।

डीडीआरडब्लूए फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष एन पी सिंह की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि एन जी (आई0ए0एस) से उनके कार्यालय में अपनी टीम के साथ भेंट की। बैठक के दौरान डीडीआरडब्लूए फेडरेशन द्वारा सीईओ के साथ विभिन्न मुददों



पर चर्चा की गई। फेडरेशन ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने बताया कि जल्द ही 500 बसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से शुरू करी जा रही है। इसके साथ ही जिले में प्रतिबंधित कुत्तों को रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। फेडरेशन ने

ग्रेटर नोएडा में समुदायिक केंद्र का संचालन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण खुद करता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से अनुरोध किया गया कि जिस एरिया में भी सामुदायिक केंद्र बने हैं वहां की आरडब्लूए को संचालन के लिए दिया जाए जैसा नोएडा में दिया जाता है। तिलपता गोल चक्कर पर टूटी हुई सड़क को तुरंत ठीक करवाकर पक्का करवाने, मकान की खरीद- फरोख्त और कंप्लीशन सर्टिफिकेट देने में आरडब्लूए का NOC सर्टिफिकेट लाजमी होने पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से श्रीमती श्रीलक्ष्मी वी एस (आई0ए0एस) Addl. CEO, श्रीमती प्रेरणा सिंह (आई0ए0एस) Addl. CEO, एन के सिंह (ओएसडी), डीडीआरडब्लूए फेडरेशन से अध्यक्ष एन पी सिंह, महासचिव शेर सिंह भाटी, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संजय सिंह, पूनम चौहान, गजराज सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# 'किसान कोटे के भूखंडों पर नहीं मिला है कब्जा'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-145 में 5



प्रतिशत के किसान कोटे के भूखंडों का कब्जा न मिलने से आवंटी परेशान हैं। नोएडा के सेक्टर-145 में लगभग 2250 भूखंड किसान कोटे के हैं। किसान कोटे के भूखंड के आवंटियों की समस्याओं व विकास कार्यों को लेकर आरडब्ल्यूए ने नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर से मुलाकात की। आरडब्लूए उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि कई साल हो गए है अभी तक भूखण्ड स्वामियों को कब्जा नहीं मिला है और ना ही बिजली पानी की व्यवस्था की गई है और टाइम एक्सटेंशन भी नहीं बढ़ाया जा रहा है। भूखंड स्वामियों ने लोन ले रखा है और ब्याज भी दे रहे है जिसकी किश्त प्रत्येक महीने जाती है लेकिन सेक्टर में भौतिक कब्जा नोएडा अथॉरिटी द्वारा नहीं दिया गया है। बल्कि अभी भी कुछ भाग में वहां पर खेती हो रही है। ओएसडी क्रांति शेखर ने सदस्यों को बताया कि फसल कटने के बाद विकास कार्य किया जाएगा। इस मौके पर लाट साहब लोहिया एडवोकेट, फोनरवा के कोषाध्यक्ष पवन यादव, संजय चौहान, सुबोध मिश्रा, हर्ष सिंह, रंजन चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# पहाड़ी सौंदर्य प्रतियोगिता में नोएडा की सुनीता नयाल दूसरे स्थान पर

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति इंदिरापुरम गाजियाबाद द्वारा आयोजित उत्तरनी मकरैनी कौथिग महोत्सव 2025 के दौरान पहाड़ी सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती चम्पा मनराल ने बताया कि हर वर्ष उत्तराखंड समाज की महिलाओं के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिसमें महिलाओं का सौन्दर्य, वेशभूषा, समान्य ज्ञान, संगीत, नृत्य आदि के माध्यम से चयन होता है। इस बार प्रथम स्थान श्रीमती सुरेश दामू, द्वितीय स्थान नोएडा की श्रीमती सुनीता नयाल एवं तृतीय स्थान कविता जगी रही प्रतियोगिता में जज की भूमिका में पुष्पा भट्ट एवं रावत जी रहे।

